AXIS BANK

# नियम व शर्तें - ऐक्सिस मोबाइल एप्लीकेशन

ये नियम और शर्तें ("शर्तें") ग्राहक और ऐक्सिस बैंक के बीच एक एग्रीमेंट बनाती हैं और मोबाइल बैंकिंग के माध्यम से ऐक्सिस बैंक द्वारा प्रदान किए गए निर्दिष्ट प्रोडक्ट और सेवाओं के प्रावधानों को विनियमित करेंगी. ये शर्तें अतिरिक्त हैं, और नीचे दिए गए नियमों और शर्तों और ऐक्सिस बैंक द्वारा समय-समय पर जारी किए जाने वाले नियमों और शर्तों को कम नहीं करतीं

- ऐक्सिस बैंक प्रीपेड साधन के नियम व शर्तें
- ऐक्सिस बैंक ग्राहक अधिकार पॉलिसी
- ऐक्सिस बैंक नेट बैंकिंग के नियम व शर्तें
- ऐक्सिस बैंक बचत खाता नियम और शर्तें
- ऐक्सिस बैंक ग्राहक क्षतिपूर्ति पॉलिसी नियम और शर्तें
- ऐक्सिस बैंक बैंक प्रतिबद्धता संहिता नियम व शर्तें
- ऐक्सिस बैंक शुल्कों की सूची - शुल्कों का विवरण, जहां भी लागू हो, शुल्कों की सूची में स्पष्ट रूप से प्रकट किया जाएगा
- ऐक्सिस बैंक हेल्पडेस्क और शिकायत निवारण पॉलिसी नियम और शर्तें
- ऐक्सिस बैंक ग्राहक सुरक्षा पॉलिसी - अनधिकृत इलेक्ट्रॉनिक बैंकिंग ट्रांज़ैक्शन में कस्टमर की देयता को सीमित करना

इन नियमों और शर्तों और ऐक्सिस मोबाइल एप्लीकेशन से संबंधित अन्य प्राथमिक/निर्दिष्ट नियम और शर्तों के बीच किसी भी असंगति के मामले में, ये नियम व शर्तें लागू होंगी.

**परिभाषा:**

इस सेक्शन में, निम्नलिखित शब्दों और वाक्यांशों का अर्थ वही होगा जो उनके सामने लिखा है, जब तक कि संदर्भ से इसका सामान्य अर्थ कुछ और न निकलता हो:

"**मोबाइल बैंकिंग**" का अर्थ है, ग्राहक के बचत/चालू खाते(खातों)/फिक्स्ड डिपॉज़िट से संबंधित जानकारी और उत्पादों और/या अन्य सेवाओं के उपयोग के बारे में जानकारी प्राप्त करने की सुविधा, जिसे कि बैंक द्वारा समय-समय पर मोबाइल बैंकिंग पर/के माध्यम से ग्राहक के मोबाइल फोन पर बताया या उपलब्ध करवाया जा सकता है. मोबाइल बैंकिंग और मोबाइल बैंकिंग सेवाएं शब्दों का इस डॉक्यूमेंट में परस्पर उपयोग किया गया है.

"**मोबाइल फोन**" का अर्थ है आवश्यक एक्सेसरीज़, इक्विपमेंट अटैचमेंट और अन्य सॉफ्टवेयर के साथ हैंडसेट, जिसका स्वामित्व/कब्जा सेल्युलर सर्विस सब्सक्राइबर के पास है.

"**ग्राहक या मैं**" किसी भी ऐसे व्यक्ति को संदर्भित करता है, जिसका बैंक में खाता है और जिसे बैंक द्वारा प्रदान की गई मोबाइल बैंकिंग सेवा का लाभ उठाने के लिए बैंक द्वारा अधिकृत किया गया है.

"**निजी जानकारी**" का अर्थ है मोबाइल बैंकिंग सेवा के संबंध में प्राप्त ग्राहक के बारे में जानकारी.

**पात्रता:**

ग्राहक को इस सेवा के लिए ऐक्सिस बैंक के साथ सुरक्षित चैनल के माध्यम से एसएमएस बैंकिंग के लिए अपना वर्तमान मोबाइल फोन नंबर रजिस्टर करना चाहिए. सुविधा ग्राहक को इस शर्त के अधीन उपलब्ध कराई जाएगी कि वह एप्लीकेशन डाउनलोड करे और अपना एम-पिन सेट करे. यह सुविधा केवल पात्रता मानदंडों को पूरा करने वाले ग्राहक को उपलब्ध कराई जाएगी और ऐक्सिस बैंक के पूर्ण विवेकाधिकार के अनुसार प्रदान की जाएगी और ग्राहक को पूर्व सूचना देकर, इसे ऐक्सिस बैंक द्वारा किसी भी समय बंद किया जा सकता है.

**रजिस्ट्रेशन:**

मैं सहमत हूं कि मुझे मोबाइल बैंकिंग सेवा का उपयोग तभी करने को मिलेगा, जब मेरा आवेदन सही पाया जाएगा और उससे संबंधित विवरण बैंक द्वारा रजिस्टर किया जाएगा. बैंक बिना कोई कारण बताए मेरा आवेदन अस्वीकार करने के लिए स्वतंत्र होगा. बैंक मोबाइल बैंकिंग के माध्यम से ग्राहक को वे सेवाएं प्रदान करने का प्रयास करेगा, जो बैंक समय-समय पर तय कर सकता है. बैंक यह अधिकार सुरक्षित रखता है कि प्रत्येक खाते पर किस कैटेगरी के ग्राहक को कौन सी सेवाएं दी जाएं और ये सेवाएं कैटेगरी के अनुसार अलग-अलग हो सकती हैं. बैंक अपने विवेकाधिकार पर मोबाइल बैंकिंग के माध्यम से प्रदान की जाने वाली सेवाओं को जोड़/हटा सकता है.

ऐक्सिस बैंक के पास वे डिवाइस, सॉफ्टवेयर प्लेटफॉर्म, संस्करण, नेटवर्क, विधियां और डेटा सेवाएं चुनने का अधिकार सुरक्षित है जिन्हें सपोर्ट किया जाएगा. ऐक्सिस बैंक समय-समय पर आधिकारिक रूप से समर्थित टूल, टेक्नोलॉजी, और संस्करण पब्लिश करेगा जिनमें मोबाइल बैंकिंग के उपयोग के लिए नियम और शर्तें लागू होंगी. ग्राहक हर समय इन नियमों और शर्तों का पालन करेगा. इन तय किए गए नियमों को बाईपास करने या मोबाइल बैंकिंग में उपयोग के लिए असमर्थित संस्करण को संशोधित करने की किसी भी कोशिश को, नियम और शर्तों के इस डॉक्यूमेंट का अनधिकृत उपयोग और उल्लंघन माना जाएगा.

मैं बैंक की मोबाइल बैंकिंग सेवा को एक्सेस करने के लिए केवल अपने मोबाइल फोन का उपयोग करने के लिए सहमत हूं. मोबाइल बैंकिंग के लिए बैंक में रजिस्टर किए गए विशिष्ट मोबाइल फोन नंबर केवल मेरी ही एक्सेस है. मैं समझता हूं कि मोबाइल बैंकिंग पिन (एम-पिन) की सुरक्षा मेरे लिए बहुत महत्वपूर्ण और व्यक्तिगत है और मुझे अपना एम-पिन गोपनीय रखना चाहिए और इसे किसी तीसरे पक्ष को नहीं बताना चाहिए. मुझे इसे किसी भी ऐसे स्थान पर लिखना/रिकॉर्ड नहीं करना है जिससे किसी अन्य व्यक्ति को मेरा एम-पिन नंबर पता चल सके. मुझे समझ है कि इनका पालन न कर पाने पर, इससे उत्पन्न होने वाले परिणामों की पूरी जिम्मेदारी मुझ पर है. मुझे किसी अन्य व्यक्ति को अपने मोबाइल फोन का एक्सेस नहीं देना चाहिए या मोबाइल फोन को यूं ही कहीं नहीं छोड़ना चाहिए. मुझे किसी भी अनधिकृत माध्यम से बैंक के कंप्यूटर में सेव की गई खाता जानकारी को एक्सेस करने का प्रयास नहीं करना है या दूसरों को इसे एक्सेस करने की अनुमति नहीं देनी है.

मोबाइल बैंकिंग एप्लीकेशन के रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया के दौरान ग्राहक को एमपिन सेट करने के लिए कहा जाएगा और ग्राहक अपने जोखिम और परिणामों के अनुसार एमपिन को जितनी बार संभव हो बदलने के लिए स्वतंत्र है. ग्राहक बदली गई एमपिन की गोपनीयता बनाए रखने के लिए पूरी तरह से ज़िम्मेदार होगा और अधिकृत ग्राहक के अलावा किसी अन्य व्यक्ति द्वारा उक्त एम-पिन के दुरुपयोग के लिए बैंक किसी भी तरह से ज़िम्मेदार नहीं होगा.

मोबाइल बैंकिंग सुविधा के दुरुपयोग/अनधिकृत उपयोग के कारण ग्राहक द्वारा होने वाले नुकसान सहित बैंक इस संबंध में कोई जिम्मेदारी नहीं लेता है.
अगर ग्राहक एम-पिन भूल जाते हैं, तो मोबाइल बैंकिंग एप्लीकेशन में  इंटरनेट बैंकिंग या डेबिट कार्ड क्रेडेंशियल की मदद से नया एम-पिन सेट करने की सुविधा है.

मैं इलेक्ट्रॉनिक मेल या लिखित संचार जैसे किसी अन्य माध्यम से बैंक को मेरे द्वारा प्रदान की गई जानकारी की सत्यता के लिए ज़िम्मेदार हूं. मेरे द्वारा प्रदान की गई गलत जानकारी के कारण होने वाले परिणामों के लिए बैंक कोई देयता स्वीकार नहीं करता है. अगर मुझे मेरे द्वारा बैंक को दी गई जानकारी में कोई गड़बड़ी समझ आती है, तो मुझे इसकी सूचना तुरंत बैंक को देनी होगी. बैंक तुरंत त्रुटि को ठीक करने का और त्रुटि से उत्पन्न होने वाले किसी भी ब्याज या शुल्क को एडजस्ट करने का प्रयास करेगा.
स्टेटमेंट की सभी प्रतियां डुप्लिकेट स्टेटमेंट हैं और उन्हें इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से तैयार किया जाएगा और उनमें मौजूद जानकारी बैंक द्वारा बनाए गए कम्प्यूटराइज़्ड बैक अप सिस्टम से निकाली जाएगी.
हालांकि, बैंक स्टेटमेंट की सटीकता सुनिश्चित करने के लिए सभी उचित कदम उठाएगा, लेकिन वह ऐसी किसी भी गड़बड़ी के लिए उत्तरदायी नहीं है, जो उसके नियंत्रण से परे कारणों से हो सकती है, जैसे कि ट्रांसमिशन के दौरान डेटा करप्ट होना.

आरबीआई के लागू दिशानिर्देशों के अनुसार, मुझे पता है कि ऐक्सिस मोबाइल ऐप को एक्सेस करने का निर्णय पूरी तरह से मेरे पास है और मुझे यह भी पता है कि ऐक्सिस बैंक की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध बैंक की निर्धारित सहमति प्रबंधन प्रणाली के माध्यम से किसी भी समय यह सहमति संशोधित की जा सकती है या वापस ली जा सकती है.

मुझे पता है कि अगर मैं 365 दिनों की निरंतर अवधि तक ऐक्सिस मोबाइल ऐप को एक्सेस न करूं, तो ऐप का उपयोग करने के लिए मेरी मौजूदा सहमति बिना किसी अगली सूचना के कैंसल कर दी जाएगी. मैं सहमत हूं कि मुझे उसके बाद ऐप को दोबारा एक्सेस करने के लिए नई सहमति प्रदान करनी होगी.

बैंक अपने साथ रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर या ईमेल एड्रेस पर एसएमएस, ईमेल या अन्य इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों से ग्राहक से संपर्क कर सकता है.

**सुविधाएं:**

ऐक्सिस मोबाइल ऐप कई सुविधाएं प्रदान करता है जिन्हें समय-समय पर अपडेट किया जा सकता है. मुख्य सुविधाएं हैं:

1. प्री-लॉगिन पेज में बैलेंस संबंधी सुविधा को चेक करें
2. टच आईडी/फेस आईडी, फिंगरप्रिंट, एम-पिन का उपयोग करके लॉग-इन करें
3. एमपिन रीसेट करें
4. सीमाएं:
    a. देखना
    b. संशोधन
5. खाते:
    a. खाते का विवरण देखें
    b. विस्तृत स्टेटमेंट देखें
    c. स्मार्ट स्टेटमेंट देखें (कुछ ग्राहकों के लिए)
    d. वर्चुअल डेबिट कार्ड (कुछ ग्राहकों के लिए)
6. सेवाएं:
    a. प्रोफाइल से संबंधित सेवाएं अपडेट करें (जैसे कि पता, केवाईसी आदि)
    b. मुख्य शाखा बदलें
    c. लोन से संबंधित सेवाएं
    d. चेकबुक से संबंधित सेवाएं
    e. कार्ड से संबंधित सेवाएं

    f. 'परेशान न करें' की सुविधा
    g. पीआईएस (एनआरआई ग्राहकों के लिए)
    h.
7. कार्ड (क्रेडिट कार्ड, डेबिट कार्ड, फॉरेक्स कार्ड):
    a. कार्ड के लिए अप्लाई करें
    b. कार्ड अपग्रेड करें
    c. क्रेडिट कार्ड पर लोन
    d. कार्ड ऑफर
    e. स्टेटमेंट देखना
    f. ऑटो-पे
    g. ईएमआई का बैलेंस
8. डील्स पाएं
9. कैशबैक
    a. वेडनसडे डिलाइट
    b. डाइनिंग डिलाइट
    c. ईकॉम शॉपिंग
    d. ऑफर
    e. इंस्टेंट वाउचर
10. एज रिवॉर्ड
    a. रिवॉर्ड पॉइंट का रिडेम्प्शन
    b. ट्रैवल एज़
    c. ई-वाउचर्स
    d. रिवॉर्ड स्टोर
11. वियरेबल्स
    a. पहनें और भुगतान करें
12. फास्टैग
    a. बैलेंस लोड करें
    b. फास्टैग के लिए अप्लाई करें
13. बिलपे
    a. ऑटोपे का उपयोग करके बिलों का ऑटोमैटिक रूप से भुगतान करें
    b. बिल जनरेट होने के अलर्ट और रिमाइंडर
    c. 20 से ज़्यादा कैटेगरी में 20k हज़ार से ज़्यादा प्रमुख बिलर
14. पैसे भेजें
    a. प्राप्तकर्ता - ऐक्सिस और अन्य बैंक प्राप्तकर्ताओं को जोड़ें
    b. ऐक्सिस और अन्य बैंक के प्राप्तकर्ताओं को पैसे भेजें

c. प्राप्तकर्ताओं को आईएमपीएस और एनईएफटी मोड के माध्यम से पैसे भेजें
d. खुद को भेजें - अपने खाते में खुद ही पैसे ट्रांसफर करें
e. विदेश में पैसे भेजें - विदेश में पैसे भेजें
f. स्थायी निर्देशों के माध्यम से भविष्य की तिथियों के लिए पैसे भेजने का शिड्यूल बनाएं
g. भेजे गए पैसे का ट्रांज़ैक्शन विवरण चेक करें
h. ट्रांज़ैक्शन की रसीद डाउनलोड करें और शेयर करें

15. यूपीआई
    a. यूपीआई भुगतान के लिए ऐक्सिस या अन्य बैंक खाते को लिंक करें
    b. निम्नलिखित तरीकों से पैसे ट्रांसफर करें -
        i. कोई भी क्यूआर स्कैन करें
        ii. यूपीआई आईडी
        iii. यूपीआई नंबर
        iv. बैंक खाता
    c. भेजे गए पैसे का ट्रांज़ैक्शन विवरण चेक करें
    d. ट्रांज़ैक्शन रसीद डाउनलोड और शेयर करें, पैसे का अनुरोध करें
    e. लंबित अनुरोध को प्रोसेस करें
    f. यूपीआई मैनेज करें (क्यूआर कोड जनरेट करें, खाता मैनेज करें, यूपीआई नंबर मैनेज करें और शिकायत का स्टेटस चेक करें)
    g. यूपीआई ट्रांज़ैक्शन का विवरण चेक करें
    h. यूपीआई से लिंक खाते का खाता बैलेंस चेक करें
    i. यूपीआई ट्रांज़ैक्शन पर विवाद दर्ज करें
16. कार्डलेस कैश
    a. डेबिट कार्ड का उपयोग किए बिना एटीएम/मर्चेंट से कैश निकालें
17. पर्सनलाइज़ेशन
    a. ग्राहकों को उनके लिए महत्त्वपूर्ण घटनाओं और सुझाव संबंधी सूचनाएं देने की प्रक्रिया.
18. डिपॉज़िट्स:
    a. डिपॉज़िट खोलें
    b. डिपॉज़िट बंद करें (आंशिक निकासी/पूर्ण निकासी)
    c. डिपॉज़िट का विवरण देखें
    d. ब्याज सर्टिफिकेट डाउनलोड करें
    e. डिपॉज़िट संबंधी रसीद डाउनलोड करें
    f. मेच्योरिटी से जुड़े निर्देश बदलें
    g. नॉमिनी का विवरण बदलें
19. लोन:
    a. ब्याज सर्टिफिकेट

b. बकाया राशि का भुगतान करें
c. लोन का विवरण
d. विलंब शुल्क
e. आंशिक भुगतान

20. लॉकर:
    a. बुकिंग
    b. स्थायी निर्देश बदलें
    c. बुकिंग विवरण देखें
21. म्यूचुअल फंड:
22. ट्रांज़ैक्शन आधारित:
    a. लंपसम (नया और मौजूदा निवेशक)
        i. लोन से मुक्ति
        ii. स्विच
        iii. एसआईपी
        iv. एसटीपी (सिस्टमेटिक ट्रांसफर प्लान)
        v. एसडब्ल्यूपी (सिस्टमेटिक विड्रॉल प्लान)
        vi. एसआईपी बंद करें
        vii. एसआईपी फिर से शुरू करें
    b. नॉन-ट्रांज़ैक्शन आधारित:
        i. इनसाइट सेक्शन
        ii. स्टेटमेंट
        iii. पिछला ट्रांज़ैक्शन
        iv. एसआईपी कैलकुलेटर
        v. स्कीम के अनुसार होल्डिंग
        vi. एफएटीसीए और जोखिम प्रोफाइल को अपडेट करें
        vii. पोर्टफोलियो
        viii. इस महीने के लिए एसआईपी शिड्यूल करें
23. डिजिटल गोल्ड
    a. एकमुश्त खरीद
    b. एसआईपी खरीद (रुपये/ग्राम में खरीदें)
    c. सोना बेचें
    d. डिलीवरी
    e. ऑर्डर विवरण देखें
24. पब्लिक प्रॉविडेंट फंड
    a. लंपसम (वन टाइम इन्वेस्टमेंट)

   b. एसआईपी मॉड्यूल
   c. आधार लिंक करना
   d. स्टेटमेंट देखना
25. राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली
   a. सब्सक्रिप्शन का प्रकार (व्यक्तिगत/कॉर्पोरेट)
   b. अलग-अलग पेंशन फंड मैनेजर्स की लिस्ट
   c. इन्वेस्टमेंट स्टाइल विकल्प (ऑटो/ऐक्टिव)
   d. नॉमिनी की घोषणा
26. सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड
   a. लाइव ट्रांच के दौरान इन्वेस्ट करें
   b. पिछले ट्रांज़ैक्शन देखें
27. फ्लोटिंग रेट सेविंग बॉन्ड
   a. निवेश करें
   b. निवेश के बाद होल्डिंग सर्टिफिकेट (सॉफ्ट कॉपी/फिज़िकल कॉपी) डाउनलोड करने का विकल्प उपलब्ध है
28. डीमैट
   a. 2 इन वन खाता खोलें
   b. पोर्टफोलियो देखें
29. इंश्योरेंस
   a. हेल्थ और लाइफ इंश्योरेंस के लिए अप्लाई करें
30. मेरे विशेषाधिकार (केवल कुछ ग्राहकों के लिए)
   a. पात्रता और ऑफर देखें

**ग्राहक का दायित्व:**

मैं इस बात से सहमत हूं कि मेरे मोबाइल फोन के माध्यम से मोबाइल बैंकिंग ऐक्सेस करने और उससे कोई भी ट्रांज़ेक्शन करने, जो कि मेरे मोबाइल फोन से किया गया है, चाहे वह मेरे द्वारा किया गया हो या नहीं, उसे मेरे द्वारा किया गया माना जाएगा. अगर मैंने शर्तों का उल्लंघन किया है या निम्नलिखित लापरवाही की वजह से कोई नुकसान या हानि हुई है, तो मेरे खातों में अनधिकृत ट्रांज़ैक्शन से होने वाले सभी नुकसान की जिम्मेदारी मेरी होगी:

a. मोबाइल बैंकिंग खातों में अनधिकृत एक्सेस या गलत ट्रांज़ैक्शन के बारे में बैंक को सूचना न देना
b. मोबाइल फोन नंबर/सिम कार्ड बदलने या उसके बंद होने के मामले में, बदलने/बंद होने की सूचना बैंक को न देना.

मुझे समझ है कि मेरे मोबाइल फोन के खोने या इसके गलत हाथों में आने की स्थिति में इसका दुरुपयोग किया जा सकता है. इस वजह से उत्पन्न होने वाले किसी भी दुरुपयोग से मैं बैंक को सुरक्षित करता/करती हूं. मैं इन परिस्थितियों में होने वाले किसी भी नुकसान के लिए बैंक को ज़िम्मेदार नहीं ठहराऊंगा/ठहराऊंगी

उपरोक्त किसी भी पासवर्ड या उक्त सुविधा के किसी भी प्रकार के अनधिकृत या गैरकानूनी उपयोग या दिए गए किसी भी धोखाधड़ीपूर्ण या गलत निर्देश के लिए ग्राहक बैंक के प्रति उत्तरदायी होगा, और इस प्रकार आने वाले किसी भी वित्तीय शुल्क का भुगतान केवल ग्राहक द्वारा किया जाएगा.

ग्राहक डिवाइस में किसी भी अनधिकृत संशोधन के लिए पूरी तरह से ज़िम्मेदार है (जैसे "जेलब्रेक" या "रूट" के माध्यम से). ऐक्सिस बैंक स्पष्ट रूप से, किसी भी समय और ग्राहकों को पूर्व सूचना दिए बिना, "जेलब्रेक" या "रूटेड" डिवाइसों की ऐक्सिस मोबाइल ट्रांज़ैक्शन लिमिट को बदलने का अधिकार सुरक्षित रखता है.

अगर ग्राहक ने यहां निहित नियमों और शर्तों का उल्लंघन किया है या अपनी लापरवाही के कारण अथवा खाते में किसी भी अनधिकृत एक्सेस के बारे में उचित समय के भीतर बैंक को बताने में अपनी विफलता के कारण नुकसान किया है या नुकसान में योगदान दिया है, तो सभी नुकसान के लिए ग्राहक उत्तरदायी होगा.

ऐक्सिस बैंक ने मोबाइल फोन नंबर के सत्यापन और/या ऐक्सिस बैंक द्वारा ग्राहक को आवंटित किए गए एमपिन, पासवर्ड, डेबिट कार्ड पिन आदि के जरिए या किसी अन्य तरीके से ग्राहक का प्रमाणीकरण करने का तरीका अपनाया है, जिसका निर्धारण ऐक्सिस बैंक के विवेकाधिकार पर किया जाता है.

अनधिकृत एक्सेस और/या ऊपर दिए गए प्रमाणीकरण मोड का उपयोग करने से ग्राहक के खाते/खातों को सुरक्षा जोखिम हो सकता है. इसलिए, डिजिटल हस्ताक्षरों के अलावा सत्यापन के तरीकों के उपयोग से संबंधित किसी भी कानूनी जोखिम से बचने के लिए, ग्राहक (ग्राहकों) को मोबाइल फोन नंबर, एम-पिन, पासवर्ड और डेबिट कार्ड पिन जैसे प्रमाणीकरण मापदंडों की पूरी गोपनीयता, राज़दारी और सुरक्षा सुनिश्चित करनी होगी, जो ग्राहक(ग्राहकों) को आवंटित किए गए हैं, जिसका निर्धारण ऐक्सिस बैंक के विवेकाधिकार पर किया जा सकता है.

**बैंक का दायित्व:**

अगर प्राकृतिक आपदा, बाढ़, आग लगने और अन्य प्राकृतिक आपदाओं, कानूनी बाधाओं, टेलीकम्युनिकेशन नेटवर्क में खराबी होने या नेटवर्क उपलब्ध न होने, एसएमएस की डिलीवरी न होने, सॉफ्टवेयर या हार्डवेयर में गड़बड़ी होने या बैंक के नियंत्रण के बाहर किसी अन्य कारण की वजह से वांछित तरीके से एक्सेस उपलब्ध नहीं होता है, तो बैंक किसी भी परिस्थिति में मेरे प्रति उत्तरदायी नहीं होगा. किसी भी परिस्थिति में बैंक किसी भी नुकसान के लिए, चाहे वह प्रत्यक्ष, अप्रत्यक्ष, आकस्मिक, किसी भी कारण से हुआ हो या किसी दावे के लिए ज़िम्मेदार नहीं है, चाहे वह राजस्व, निवेश, उत्पादन, सद्भावना, लाभ, बिज़नेस में बाधा या किसी भी श्रेणी या प्रकार के किसी अन्य नुकसान से या किसी भी प्रकृति या चरित्र के नुकसान से उत्पन्न हुआ हो, चाहे वह नुकसान ग्राहक द्वारा या किसी अन्य व्यक्ति द्वारा किया गया हो. मोबाइल फोन के संबंध में सीएसपी द्वारा प्रदान की गई सेवाओं के लिए बैंक किसी भी तरह से उत्तरदायी नहीं है. मोबाइल बैंकिंग से संबंधित ट्रांज़ैक्शन के मामले में सीएसपी द्वारा लगाए गए शुल्क के लिए बैंक किसी भी तरह से ज़िम्मेदार/उत्तरदायी नहीं है.

**फिंगरप्रिंट और फेस प्रमाणीकरण की शर्तें:**

ग्राहक समझते हैं कि, फिंगरप्रिंट या फेस का उपयोग करके ट्रांज़ैक्शन को प्रमाणित करना डिवाइस/स्मार्टफोन की क्षमता और सुविधा की सटीकता है. इस सुविधा के संचालन में किसी भी समस्या के लिए बैंक ज़िम्मेदार नहीं है. बैंक डिवाइस से प्राप्त सफलता या विफलता के मैसेज के आधार पर ट्रांज़ैक्शन को सत्यापित करता है.

ग्राहक अपने विवेक और समझ से मोबाइल बैंकिंग को डिवाइस की फिंगर प्रिंट और फेस ऑथेंटिकेशन सुविधा का उपयोग करने की अनुमति देने का निर्णय लेता है. ग्राहक को पता है कि डिवाइस में जोड़े/रजिस्टर किए गए किसी भी फिंगरप्रिंट या चेहरे की मदद से, मोबाइल बैंकिंग एप्लीकेशन पर ट्रांज़ैक्शन किया जा सकेगा: हालांकि, इस ट्रांज़ैक्शन में लॉग-इन और लाभार्थी जोड़ना शामिल नहीं है. बैंक किसी भी ऐसी धोखाधड़ी के लिए ज़िम्मेदार नहीं है जो वास्तविक ग्राहक के अलावा किसी अन्य व्यक्ति द्वारा डिवाइस पर अपना फिंगरप्रिंट जोड़ने और मोबाइल बैंकिंग पर ट्रांज़ैक्शन के कारण हो सकती है. ग्राहक को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि केवल उसका फिंगरप्रिंट या चेहरा उसके डिवाइस में जोड़ा गया है/रजिस्टर्ड है और इस फिंगरप्रिंट प्रमाणीकरण सुविधा का एक्सेस किसी और के पास नहीं है.

**व्यक्तिगत जानकारी का प्रकटीकरण:**

ऐप का उपयोग करके, आप हमें (ऐक्सिस बैंक) हमारे प्रोडक्ट में सुधार करने और आपको सेवाएं प्रदान करने के लिए, उपकरण और संबंधित सॉफ्टवेयर, हार्डवेयर और पेरिफेरल और उपकरण में स्टोर किए गए किसी भी डेटा और जानकारी के बारे में, चाहे वह इंटरनेट आधारित हो या वायरलेस पर हो, तकनीकी जानकारी एकत्र करने और उसे उपयोग करने के लिए अधिकृत कर रहे हैं. एप्लीकेशन का उपयोग करके,

आप इस जानकारी को हमारे किसी भी एजेंट, सर्विस प्रोवाइडर, सहयोगी या किसी अन्य तीसरे पक्ष (जिसे बैंक उचित समझे) को शेयर करने की अनुमति देते हैं. आप हमारे सम्बद्ध साझेदारों, एजेंटों और सेवा प्रदाताओं को भी यह अनुमति दे रहे हैं कि वे ऊपर बताए गए सभी डेटा को आपके क्रेडिट स्कोर का निर्धारण करने, आपको दी जाने वाली सेवाओं का निर्धारण करने, हमारी सेवाओं को बेहतर बनाने/ऐप का उपयोग करते समय आपके अनुभव को सुधारने, या फिर कानूनी/नियामक प्राधिकरणों को देने के लिए एकत्र करें, भेजें, सुरक्षित रखें, प्रोसेस करें और उपयोग करें.

आपको बेहतरीन अनुभव देने के लिए, हमें आपके डिवाइस को एक्सेस करने की अनुमति चाहिए और ग्राहक को निम्नलिखित अनुमति देने का निर्णय लेने की आवश्यकता है:

- लोकेशन: आपके आस-पास के एटीएम/शाखाओं और ऑफर को दिखाने के लिए. धोखाधड़ी को रोकने के लिए अपने भौगोलिक स्थान की जानकारी पाने और उपयोग करने के लिए. आपके ट्रांज़ैक्शन की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आपके लोकेशन डेटा का उपयोग किया जाएगा.
- संपर्क: संपर्कों से फोन नंबर, ईमेल पता फिर से प्राप्त करने की, ताकि पैसे भेजे जा सकें या रीचार्ज किया जा सके.
- फोटो और कैमरा: ऐप में जोड़े गए खातों और प्राप्तकर्ताओं को पर्सनलाइज़ करने की
- फोन: ऐप से ऐक्सिस बैंक ग्राहक सेवा को कॉल करने की अनुमति देने की
- डिवाइस आईडी और स्टेटस, मोबाइल नंबर (सिम) और एसएमएस भेजने की सुविधा: फोन के स्टेटस और पहचान को पढ़कर, आपके खाते की सुरक्षा के लिए आपके डिवाइस पर सिम लॉक करने की आवश्यक कार्रवाई करने की
- कैलेंडर: आपके शिड्यूल किए गए भुगतान को सिंक करने की
- एसएमएस: ओटीपी/एमवीसी/डीवीसी संबंधित एसएमएस को अपने-आप पढ़ने के लिए. फोन सत्यापन में यूज़र की ओर से एसएमएस भेजने के लिए भी इस्तेमाल किया जाता है. ट्रांज़ैक्शन की सटीकता सुनिश्चित करने, धोखाधड़ी को रोकने और ग्राहक सहायता में सुधार करने के उद्देश्य से बैंकिंग से संबंधित कीवर्ड (जैसे, ट्रांज़ैक्शन अलर्ट, वन-टाइम पासवर्ड) वाले मैसेज पढ़ने के लिए. हम किसी भी पर्सनल मैसेज को स्टोर या शेयर नहीं करते हैं. एक बार प्रदान की गई प्रारंभिक सहमति डेटा कैप्चर को नियंत्रित करेगी; इस पसंद को कंट्रोल सेंटर के माध्यम से किसी भी समय अपडेट किया जा सकता है. धोखाधड़ी की गतिविधियों का पता लगाने और रोकने के लिए डिवाइस ऐक्टिवेशन के समय से एसएमएस डेटा सुरक्षित रूप से कैप्चर किया जाएगा.
- ऐप उपयोग डेटा: आपके अनुभव को बेहतर बनाने और पर्सनलाइज़्ड सेवाएं प्रदान करने के लिए, हम आपके द्वारा अपनी ऐप और आपके डिवाइस पर मौजूद अन्य ऐप के साथ सेवाएं प्राप्त करने के तरीके पर डेटा एकत्र कर सकते हैं, जिसमें भाषा भी शामिल है. इन डेटा से हमें धोखाधड़ी को रोकने और सख्त गोपनीयता मानकों को बनाए रखते हुए अनुकूल ऐप परफॉर्मेंस सुनिश्चित करने में मदद मिलती है.
- बैंक द्वारा किसी तृतीय पक्ष को निजी जानकारी प्रकट करने के कारण ग्राहक को होने वाले

किसी भी नुकसान के लिए बैंक उत्तरदायी नहीं होगा, इन कारणों में किसी कानूनी निर्देश के अनुपालन में, सांख्यिकीय विश्लेषण के लिए या क्रेडिट रेटिंग के लिए, किसी भी टेलीकम्युनिकेशन या इलेक्ट्रॉनिक क्लियरिंग नेटवर्क में भागीदारी शामिल है, लेकिन यह इन तक ही सीमित नहीं है.

**आधार लिंक करने से संबंधित शर्तें:**

बैंक खाते से लिंक करने के लिए आधार विवरण सबमिट करके, ग्राहक निम्नलिखित नियम और शर्तों से सहमत होता है: -

सरकारी लाभों के लिए आधार लिंक करना:

मैंने अपना आधार नंबर जमा किया है और स्वैच्छिक रूप से इनके लिए अपनी सहमति दी है:

- यूआईडीएआई की मदद से मेरी पहचान की कन्फर्म करने के लिए मेरे आधार विवरण का उपयोग करने के लिए
- मुझे एसएमएस अलर्ट भेजने के लिए बैंक रिकॉर्ड में मौजूद मेरे रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर का उपयोग करने के लिए
- बैंक के साथ मेरे सभी मौजूदा/नए/भविष्य के खाते और ग्राहक की प्रोफाइल (सीआईएफ) से आधार नंबर लिंक करने के लिए

मुझे उस खाते को एनपीसीआई मैपर के साथ जोड़ना है जिसे मैंने चुना है, ताकि मैं अपने चुने हुए खाते में भारत सरकार से एलपीजी सब्सिडी सहित डायरेक्ट बेनेफिट ट्रांसफर (डीबीटी) प्राप्त कर सकूं. मुझे यह पता है कि अगर मेरा एक से अधिक लाभों के ट्रांसफर मिलने हैं, तो सभी लाभों के ट्रांसफर मुझे उसी खाते में प्राप्त होंगे.

मुझे यह बताया गया है कि बैंक को दी गई मेरी जानकारी का उपयोग उपरोक्त उल्लिखित प्रयोजन या कानून की आवश्यकताओं के अलावा किसी अन्य उद्देश्य के लिए नहीं किया जाएगा.

मैं यह घोषणा करता/करती हूं कि मेरे द्वारा स्वैच्छिक रूप से दी गई सभी जानकारी सत्य, शुद्ध और पूर्ण है

मैं सहमत हूं कि अनुरोध को सबमिट करने का मतलब अनिवार्य रूप से ट्रांज़ैक्शन को प्रोसेस करना नहीं है. ऐक्सिस बैंक के पास नियामक और आंतरिक दिशानिर्देशों के आधार पर ट्रांज़ैक्शन को अस्वीकार करने का पूरा अधिकार है

मैं समझता/समझती हूं कि ऐक्सिस बैंक आधार आधारित प्रमाणीकरण और भुगतान/निपटान, अगर कोई हो, के प्रयोजन के लिए प्रदान किए गए निजी पहचान के डेटा की सुरक्षा और गोपनीयता सुनिश्चित करेगा.

**बैंक खाते से आधार लिंक करें:**

मैंने अपना आधार नंबर जमा किया है और स्वैच्छिक रूप से इनके लिए अपनी सहमति दी हैः

- यूआईडीएआई की मदद से मेरी पहचान की कन्फर्म करने के लिए मेरे आधार विवरण का उपयोग करने के लिए
- मुझे एसएमएस अलर्ट भेजने के लिए बैंक रिकॉर्ड में मौजूद मेरे रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर का उपयोग करने के लिए
- बैंक के साथ मेरे सभी मौजूदा/नए/भविष्य के खाते और ग्राहक की प्रोफाइल (सीआईएफ) से आधार नंबर लिंक करने के लिए

मुझे यह बताया गया है कि बैंक को दी गई मेरी जानकारी का उपयोग उपरोक्त उल्लिखित प्रयोजन या कानून की आवश्यकताओं के अलावा किसी अन्य उद्देश्य के लिए नहीं किया जाएगा.

मैं यह घोषणा करता/करती हूं कि मेरे द्वारा स्वैच्छिक रूप से दी गई सभी जानकारी सत्य, शुद्ध और पूर्ण है

मैं सहमत हूं कि अनुरोध को सबमिट करने का मतलब अनिवार्य रूप से ट्रांज़ैक्शन को प्रोसेस करना नहीं है. ऐक्सिस बैंक के पास नियामक और आंतरिक दिशानिर्देशों के आधार पर ट्रांज़ैक्शन को अस्वीकार करने का पूरा अधिकार है

मैं समझता/समझती हूं कि ऐक्सिस बैंक आधार आधारित प्रमाणीकरण और भुगतान/निपटान, अगर कोई हो, के प्रयोजन के लिए प्रदान किए गए निजी पहचान के डेटा की सुरक्षा और गोपनीयता सुनिश्चित करेगा.

**संशोधन का अधिकार**

ऐक्सिस बैंक किसी भी समय और ग्राहक/ग्राहकों को पूर्व सूचना दिए बिना, इस प्रोग्राम से संबंधित नियमों को पूरी तरह से या आंशिक रूप से जोड़ने और/या परिवर्तित करने, संशोधित करने, बदलने का अधिकार स्पष्ट रूप से सुरक्षित रखता है.

**प्रभावी कानून और न्यायाधिकार क्षेत्र**

इन नियम और शर्तों का निर्माण, वैधता और परफॉर्मेंस सभी मामलों में भारत के कानूनों द्वारा नियंत्रित किया जाएगा. इसके द्वारा पक्ष मुंबई, भारत के सक्षम न्यायालयों को विशेष न्यायाधिकार क्षेत्र के रूप में स्वीकार करते हैं, इस मामले में केवल वही न्यायालय अधिकार-क्षेत्र रखेंगी, और किसी अन्य न्यायालय को, चाहे उसके पास इसी तरह का अधिकार क्यों न हो, इस मामले पर अधिकार नहीं होगा. ऐक्सिस बैंक भारत को छोड़कर किसी भी ऐसे देश के कानूनों का अनुपालन न करने के लिए प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से उत्पन्न होने वाले किसी भी दायित्व से मुक्त है, जहां इसकी सेवाएं उपलब्ध हैं.

**परिभाषाएं**

निम्नलिखित शब्दों और वाक्यांशों का अर्थ वही होगा जो डॉक्यूमेंट में परिभाषित किया गया है, जब तक कि संदर्भ के अनुसार इसका प्रतिकूल अर्थ न निकलता हो:

"**वॉलेट**" या "**ऐक्सिस मोबाइल एप्लीकेशन**" या "**ऐक्सिस मोबाइल**" भारत में ऐक्सिस बैंक द्वारा ऐक्सिस मोबाइल एप्लीकेशन में ऑफर किए जाने वाले ऐक्सिस मोबाइल एप्लीकेशन विकल्प हैं, ऐक्सिस मोबाइल एप्लीकेशन को ग्राहक द्वारा iOS और एंड्रॉयड मोबाइल ऑपरेटिंग सिस्टम के लिए ऐप स्टोर और गूगल प्ले स्टोर से डाउनलोड किया जा सकता है, ताकि इस ऐक्सिस मोबाइल एप्लीकेशन के माध्यम से ऐक्सिस बैंक द्वारा ऑफर किए जाने वाले विभिन्न प्रोडक्ट और सेवाओं का लाभ उठाया जा सके.

“**खाता धारक**” का अर्थ उस ग्राहक से होगा, जो ऐक्सिस बैंक का ग्राहक है और सक्रिय बचत बैंक खाता रखता है. अनिवासी भारतीय (एनआरआई), विदेशी खाता धारक और नाबालिग, सेवाओं के लिए रजिस्ट्रेशन करने के पात्र नहीं हैं..

"**खाता(खाते)**" का अर्थ ऐक्सिस बैंक के साथ किसी भी ग्राहक द्वारा बनाए गए एक सक्रिय बचत बैंक खाता(खातों) से होगा, जिसका विवरण ग्राहक द्वारा ऐक्सिस मोबाइल एप्लीकेशन के रजिस्ट्रेशन या प्रमाणीकरण प्रोसेस के समय प्रदान किया जाएगा और इसमें ऐक्सिस बैंक द्वारा ऐक्सिस मोबाइल एप्लीकेशन पर ऑफर किए जाने वाले ऐक्सिस बचत खाते का विवरण भी शामिल होगा.

"**बैंक**" और "**ऐक्सिस बैंक**" का अर्थ है ऐक्सिस बैंक लिमिटेड, जो कंपनी अधिनियम 1956 के तहत निगमित कंपनी है और बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 के तहत बैंक के रूप में लाइसेंस प्राप्त है, जिसका रजिस्टर्ड कार्यालय है 'त्रिशूल', 3rd फ्लोर, समर्थेश्वर मंदिर के सामने, लॉ गार्डन, एलिस ब्रिज, अहमदाबाद 380 006, गुजरात और कॉर्पोरेट ऑफिस हैं ऐक्सिस हाउस, वाडिया इंटरनेशनल सेंटर, बॉम्बे डाइंग मिल्स कंपाउंड, पांडुरंग बुधकर मार्ग, वर्ली, मुंबई - 400 025. इस शब्द में बैंक के सभी 'एफिलिएट्स' शामिल होंगे, जिसका मतलब है और इसमें शामिल है ऐसी कोई भी कंपनी, जो एक होल्डिंग कंपनी या सब्सिडियरी है या बैंक के कंट्रोल में कोई भी व्यक्ति या जिसमें बैंक का ऐसे व्यक्ति की 26% से ज़्यादा वोटिंग सिक्योरिटीज़ में डायरेक्ट/बेनिफिशियल इंटरेस्ट है. इस परिभाषा के उद्देश्य के लिए जब "नियंत्रण" का किसी व्यक्ति के संबंध में इस्तेमाल किया जाएगा तो इसका अर्थ इस तरह के व्यक्तियों के प्रबंधन और पॉलिसी को प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से निर्देशित करने की शक्ति होगी, चाहे संविदा द्वारा हो या अन्यथा मतदान वाली सिक्योरिटीज़ के स्वामित्व के माध्यम से; और "व्यक्ति" का अर्थ एक कंपनी, निगम, एक पार्टनरशिप, ट्रस्ट या कोई अन्य इकाई या संगठन या अन्य निकाय होगा.

"**क्रेडिट कार्ड**" का अर्थ ऐक्सिस बैंक द्वारा जारी किए गए ग्राहक के सक्रिय क्रेडिट कार्ड से है, जो ग्राहक के मोबाइल नंबर से लिंक है या भारत में किसी अन्य बैंक द्वारा जारी किया जाता है.

"**डेबिट कार्ड**" का अर्थ है ऐक्सिस बैंक द्वारा खाता धारक को जारी किया गया एक सक्रिय डेबिट कार्ड, जो ग्राहक के मोबाइल नंबर से लिंक है या भारत में किसी अन्य बैंक द्वारा जारी किया गया है.

"**इंटरनेट बैंकिंग आईडी**" का अर्थ ग्राहक को आवंटित ऐक्सिस बैंक इंटरनेट बैंकिंग ग्राहक आईडी से होगा, जिसके माध्यम से वह www.axis.bank.in. पर होस्ट किए गए इंटरनेट बैंकिंग पोर्टल के माध्यम से ऐक्सिस बैंक द्वारा पेश किए जाने वाले प्रोडक्ट और सेवाओं को एक्सेस कर सकते हैं

"**कानून**" में कोई भी संविधान, कानून, नियम, विनियम, अध्यादेश, निर्णय, आर्डर, डिक्री, प्राधिकृतता या लागू भारतीय रिज़र्व बैंक के परिपत्र, निर्देशक, दिशानिर्देश, आवश्यकता या सरकारी प्रतिबंध शामिल हैं, जिसमें कानून की शक्ति है, या किसी भी न्यायिक प्राधिकरण द्वारा पूर्वगामी किसी भी निर्धारण द्वारा या व्याख्या शामिल है, चाहे यह रजिस्ट्रेशन की तारीख के अनुसार प्रभावी हो या उसके बाद और समय-समय पर संशोधन के अनुसार.

"**ऐक्सिस मोबाइल एप्लीकेशन**" का अर्थ है वर्चुअल और/या फिज़िकल सेमी क्लोज्ड प्रीपेड भुगतान इंस्ट्रूमेंट, जिसमें मासिक ट्रांज़ैक्शन होता है और बैलेंस लिमिट आरबीआई द्वारा निर्धारित वॉलेट लिमिट के अनुसार होगी, जो ऐक्सिस मोबाइल एप्लीकेशन के माध्यम से ऐक्सिस बैंक द्वारा प्रदान की जाती है. ऐक्सिस बैंक ने "भारत में प्री-पेड भुगतान साधनों को जारी करने और उनके संचालन" पर आरबीआई की पॉलिसी के दिशानिर्देशों के अनुपालन में प्रीपेड भुगतान साधन पेश किया है.

"**मोबाइल फोन नंबर**" का अर्थ है ऐक्सिस मोबाइल एप्लीकेशन में रजिस्ट्रेशन के दौरान ग्राहक द्वारा दिया गया फोन नंबर. अगर ग्राहक "ऐक्सिस बैंक ग्राहक" के रूप में रजिस्टर करना चाहता है, तो उसे ऐक्सिस बैंक द्वारा दी जाने वाली मोबाइल या एसएमएस बैंकिंग सुविधा के लिए रजिस्टर्ड फोन नंबर का उपयोग करना होगा. किसी अन्य फोन नंबर को "नॉन-ऐक्सिस बैंक ग्राहक" का नंबर माना जाएगा.

"**मोबाइल फोन**" का अर्थ है एक मान्य सिम कार्ड सक्षम स्मार्टफोन ( iOS या एंड्रॉयड ऑपरेटिंग सिस्टम वाला) है, जो ग्राहक का है.

"**पैसे**" का अर्थ होगा खाता(खाते) या वॉलेट अथवा क्रेडिट कार्ड या किसी अन्य वित्तीय साधन में भारतीय रुपये (आईएनआर) में रखी गई धनराशि.

"**निजी जानकारी**" का अर्थ है ग्राहक द्वारा स्वैच्छिक रूप से प्रदान की गई और सेवाओं के संबंध में ऐक्सिस बैंक द्वारा ग्राहक की सहमति से प्राप्त की गई कोई भी जानकारी.

"**रजिस्टर्ड ग्राहक**" उस ग्राहक को दर्शाता है, जिसने ऐक्सिस मोबाइल एप्लीकेशन के लिए रजिस्टर किया है.

"**सेवाओं**" का अर्थ ऐक्सिस मोबाइल एप्लीकेशन के तहत ऐक्सिस बैंक द्वारा प्रदान किए जाने वाले सभी प्रोडक्ट और सेवाओं से होगा, जैसा कि इन शर्तों के खंड 4 में अधिक विशेष रूप से उल्लिखित है.

"**ट्रांज़ैक्शन**" का अर्थ होगा और इसमें ऐक्सिस मोबाइल एप्लीकेशन में सभी ऐक्सिस मोबाइल एप्लीकेशन ट्रांज़ैक्शन शामिल होंगे.

"**ग्राहक**" का अर्थ है, ऐक्सिस बैंक के पात्र खाता धारक के साथ-साथ कोई अन्य व्यक्ति (बैंक के साथ कोई संबंध होना आवश्यक नहीं) जिसने ऐक्सिस मोबाइल एप्लीकेशन डाउनलोड किया है और ऐक्सिस बैंक द्वारा ऐक्सिस मोबाइल एप्लीकेशन के तहत प्रदान की जाने वाली सेवा का लाभ उठाने के लिए ऐक्सिस बैंक के साथ रजिस्टर्ड किया है.

"**वेबसाइट**" का अर्थ होगा और इसमें शामिल होगी- ऐक्सिस बैंक के स्वामित्व वाली, स्थापित और मेनटेन की गई वेबसाइट, जैसे: www.axis.bank.in और www.axisbank.co.in या ऐसी कोई वेबसाइट जो ऐक्सिस बैंक द्वारा समय-समय पर होस्ट की जा सकती है

इन नियमों के उद्देश्यों से, जब तक कि विपरीत उद्देश्य न हो:

a. जिन जगहों पर ग्राहकों के लिए पुल्लिंग वाक्यों का उपयोग किया गया है उन सभी में स्त्री लिंग वाक्यों को भी शामिल माना जाएगा.
b. "संशोधन" के किसी भी संदर्भ में परिशिष्ट, संशोधन, नवप्रवर्तन, प्रतिस्थापन या पुनः-अधिनियमन शामिल है और "संशोधित" का अर्थ उसके अनुसार लगाया जाना चाहिए;
c. "प्राधिकरण" या "अप्रूवल" में प्राधिकरण, सहमति, मंजूरी, अनुमोदन, अनुमति, समाधान, लाइसेंस, छूट, फाइलिंग और रजिस्ट्रेशन शामिल हैं;
d. एकवचन में बहुवचन और बहुवचन में एकवचन शामिल हैं;

**पात्रता**

I. ऐक्सिस मोबाइल एप्लीकेशन के तहत प्रदान की जाने वाली सेवाएं उन ग्राहकों के लिए उपलब्ध होंगी जो भारतीय नागरिक हैं और ऐक्सिस मोबाइल एप्लीकेशन में रजिस्ट्रेशन की तिथि पर 18 वर्ष से अधिक आयु के हैं, साथ ही या इस शर्त के अधीन हैं कि वह ऐक्सिस मोबाइल एप्लीकेशन डाउनलोड करें, इसे सफलतापूर्वक इंस्टॉल करें और उसके बाद लागू क्रेडेंशियल के साथ खुद को प्रमाणित करें और अपना एम-पिन सेट करें.
II. सेवाओं का लाभ उठाने के लिए, ग्राहक को पहले आवश्यक क्रेडेंशियल के साथ ऐक्सिस मोबाइल एप्लीकेशन में रजिस्टर करना होगा, इसके बाद सेवाएं लेने का जो प्रोसेस है, उसका पालन ग्राहक द्वारा ऐक्सिस मोबाइल एप्लीकेशन पर दिए गए निर्देशों के अनुसार किया जाएगा.
III. ये सेवाएं केवल पात्रता मानदंडों को पूरा करने वाले ग्राहक के लिए उपलब्ध कराई जाएंगी और ऐक्सिस बैंक के विवेकाधिकार पर प्रदान की जाएंगी और ऐक्सिस बैंक द्वारा ग्राहक को बिना

कोई पूर्व सूचना दिए किसी भी समय बंद की जा सकती हैं.

IV. ग्राहक समझता है और स्वीकार करता है कि सेवाओं का उपयोग करने के लिए आवश्यक कोई भी शर्त- जिसमें मोबाइल डिवाइस, डेटा कनेक्शन आदि शामिल हैं, लेकिन ये इन्हीं तक सीमित नहीं है, की ज़िम्मेदारी पूरी तरह से ग्राहक पर होगी.

V. सेवाओं का लाभ उठाने के लिए ऐक्सिस मोबाइल एप्लीकेशन के लिए रजिस्टर करके, ग्राहक निर्दिष्ट सेवाओं ("सेवा शर्तों") के संबंध में इन नियमों के साथ-साथ कुछ अतिरिक्त सेवा नियमों और शर्तों को मानते और स्वीकार करते हैं, जैसा भी लागू हो, जिसके बारे में समय-समय पर ग्राहक को सूचित किया जाएगा और यदि ग्राहक सेवाओं का लाभ उठाना जारी रखते हैं तो इसे उसकी बिना शर्त स्वीकृति माना जाएगा और ये शर्तें ग्राहकों के लिए बाध्यकारी होगी.

**ऐक्सिस मोबाइल एप्लीकेशन**

**रिफंड**

सभी रिफंड और रिवर्सल स्रोत खाते में जमा किए जाएंगे, अर्थात उस खाते में जहां से उसे डेबिट किया गया था. रिफंड, असफल/वापस किए गए/अस्वीकृत/कैंसल किए गए ट्रांज़ैक्शन के मामले में, आरबीआई द्वारा निर्धारित वॉलेट सीमाओं के अनुसार राशि रिफंड की जाएगी. ये सीमाएं समय-समय पर बैंक के विवेकाधिकार या लागू कानूनों या किसी भी नियामक परिवर्तन के अनुसार बदल सकती हैं.

**रीचार्ज:**

a. ऐक्सिस मोबाइल एप्लीकेशन का उपयोग प्रीपेड मोबाइल रीचार्ज करने के लिए किया जा सकता है. ऐक्सिस कोई मोबाइल सेवा प्रदान नहीं करता है और केवल टेलीकम्युनिकेशन सेवा प्रदाताओं या ऐसे प्रीपेड रीचार्ज ('टेल्को' या 'टेल्कोस') या ऐसे टेल्को के अन्य डिस्ट्रीब्यूटर या एग्रीगेटर द्वारा प्रीपेड मोबाइल सेवाओं का पुनर्विक्रेता है. ऐक्सिस टेल्को द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाओं का वारंटर, बीमाकर्ता या गारंटर नहीं है.
b. ऐक्सिस के माध्यम से किए गए रीचार्ज को प्रोसेस होने में 3 से 4 कार्य दिवस लग सकते हैं. ग्राहक को ऐक्सिस मोबाइल एप्लीकेशन के माध्यम से बेचा जाने वाला रीचार्ज, अनुबंध के किसी भी उल्लंघन के लिए बैंक के खिलाफ शिकायत किए बिना टेल्को द्वारा बेचा जाता है. खरीदे गए रीचार्ज की क्वॉलिटी, प्रदान किए गए विवरणों, लागत, समयसीमा या अन्य शर्तों के संबंध में किसी भी विवाद को सीधे ग्राहक (या रीचार्ज के प्राप्तकर्ता) और टेल्को के बीच निपटाया जाना चाहिए.
c. ऐक्सिस बैंक और इसके बिज़नेस पार्टनर, रीचार्ज सेवाओं का लाभ उठाने के लिए ग्राहक से शुल्क, फीस लेने और रिकवर करने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं. ऐक्सिस बैंक ऐक्सिस मोबाइल एप्लीकेशन के माध्यम से शुरू किए गए रीचार्ज के लिए किसी भी सर्विस प्रोवाइडर द्वारा लगाए

जाने वाले किसी भी शुल्क को वसूल करेगा.

**बिल पे**

- "बिल पे" सुविधाएं ग्राहक को मोबाइल, लैंडलाइन, डीटीएच, डेटा कार्ड, बिजली, गैस और इंश्योरेंस की सेवाओं से संबंधित बिल का भुगतान करने में सक्षम करती है.
- अगर ग्राहक ने बिल के भुगतान के लिए स्थायी निर्देश दिए हैं, तो यह सुनिश्चित करना ग्राहक की ज़िम्मेदारी होगी कि स्रोत खाते/वॉलेट में पर्याप्त बैलेंस हो, यह भी सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि ऑटो पे के मामले में चुनी गई तारीख देय तिथि से कम से कम 3 से 4 कार्य दिवस पहले की है. ऐक्सिस बैंक विलंब भुगतान या बिलर द्वारा लगाए गए विलंब भुगतान शुल्क के ऐसे मामलों का कोई उत्तरदायित्व नहीं लेता है.
- ऐक्सिस बैंक और इसके बिज़नेस पार्टनर, बिल भुगतान सेवाओं का लाभ उठाने के लिए ग्राहक से शुल्क लेने और रिकवरी करने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं. ऐक्सिस बैंक ऐक्सिस मोबाइल एप्लीकेशन के माध्यम से शुरू किए गए बिल भुगतान के लिए किसी भी बिलर द्वारा लगाए जा सकने वाले किसी भी शुल्क को रिकवर करेगा, चाहे वह कुछ भी हो.
- ऐक्सिस बैंक बिज़नेस पार्टनर और बिलर/बिलर्स के आधार पर, जिनके माध्यम से ग्राहक द्वारा सेवाएं ली जाती हैं (i) सेवा की विशिष्ट सुविधाएं अलग-अलग हो सकती हैं (ii) सेवा पर उपलब्ध बिलर की संख्या अलग-अलग हो सकती है (iii) भुगतान निर्देश जारी करने के लिए उपयोग किए जा सकने वाले भुगतान खाते का प्रकार और रेंज अलग-अलग हो सकती है और (iv) ऐसे मोड/डिवाइस, जिन पर सेवा एक्सेस की जा सकती है, अलग-अलग हो सकते हैं; और (v) सेवा का लाभ उठाने के लिए शुल्क, फीस या सेवा के कोई पहलू अलग-अलग हो सकते हैं.
- समय-समय पर, ऐक्सिस बैंक, अपने विवेकाधिकार पर, बिलर की ऐसी सूची या भुगतान खातों के प्रकार में वृद्धि या कमी कर सकता है, जिसका उपयोग बिलर को भुगतान करने के संबंध में किया जा सकता है.
- ऐक्सिस बैंक कोई ज़िम्मेदारी नहीं लेता है और अगर निम्नलिखित परिस्थितियों में से किसी एक या अधिक के कारण भुगतान की तिथि पर आपके भुगतान निर्देश(निर्देशों) को प्रोसेस नहीं कर पाता है, तो कोई देयता नहीं होगी और न ही कोई दायित्व होगा:
    - अगर ग्राहक द्वारा जारी किए गए भुगतान निर्देश अधूरे, विलंबित, गलत और अमान्य है/हैं.
    - अगर भुगतान खाते में भुगतान निर्देश(निर्देशों) में उल्लिखित राशि को कवर करने के लिए धनराशि/लिमिट पर्याप्त नहीं है
    - अगर भुगतान खाते में उपलब्ध धनराशि किसी भी ऋणभार या शुल्क के तहत हैं.
    - अगर ग्राहक का बैंक भुगतान निर्देश(निर्देशों) को मानने से इनकार कर देता है या देरी करता है
    - अगर बिलर को भुगतान प्राप्त होने के बाद भी वह भुगतान को प्रोसेस नहीं करता है.

- ऐक्सिस बैंक के नियंत्रण से परे की परिस्थितियां

अगर किसी भी कारण से बिल भुगतान नहीं हो पाता है, तो ग्राहक को तदनुसार विफल भुगतान के बारे में सूचित किया जाएगा.

**ट्रांज़ैक्शन पर सीमा:**

ऐक्सिस बैंक अपने विवेकाधिकार से ग्राहक को उस दिन ऐक्सिस मोबाइल एप्लीकेशन से होने वाले ट्रांज़ैक्शन को सीमित कर सकता है, नई लिमिट पेश कर सकता है या उक्त लिमिट को बदल सकता है. ट्रांज़ैक्शन में फंड ट्रांसफर, मोबाइल रीचार्ज और बिल भुगतान शामिल हैं. अगर दैनिक ट्रांज़ैक्शन लिमिट समाप्त हो गई है, तो ग्राहक उस दिन के लिए ऐक्सिस के माध्यम से ट्रांज़ैक्शन नहीं कर पाएगा.

**ऑफर**

- इस प्लेटफॉर्म पर सूचीबद्ध सभी ऑफर बिना किसी पूर्व सूचना के बदले जा सकते हैं/वापस लिए जा सकते हैं
- सभी ऑफर ट्रांसफर नहीं किए जा सकते, बिक्री या पुनर्विक्रय के लिए नहीं होते हैं और न ही कैश के लिए रिडीम किए जा सकते हैं और न ही उनका कोई आर्थिक मूल्य ही हो सकता है
- कोई भी दो ऑफर एक साथ नहीं जोड़े जा सकते
- यहां दिया गया कोई भी डिस्काउंट केवल निवल राशि पर मान्य है (टैक्स या किन्हीं अन्य अतिरिक्त शुल्कों को छोड़कर)
- ऐक्सिस मोबाइल के माध्यम से खरीद या बुकिंग के लिए कोई भी ट्रांज़ैक्शन संबंधित विक्रेताओं के नियम व शर्तों के अधीन हैं. ऑफर का लाभ उपलब्धता और मर्चेंट के विवेकाधिकार के अधीन है
- व्यक्तिगत मर्चेंट के नियम व शर्तें उनके साथ होने वाले सभी ग्राहक ट्रांज़ैक्शन पर लागू होती हैं, किसी भी परिस्थिति में ऑफर में किसी भी प्रोडक्ट या सेवा को शामिल करने को ऐक्सिस बैंक द्वारा ऐसे प्रोडक्ट या सेवा के एंडोर्समेंट या सुझाव के रूप में नहीं माना जाएगा

**एफएटीसीए-सीआरएस के नियम और शर्तें**

सेंट्रल बोर्ड ऑफ डायरेक्ट टैक्स ने 7 अगस्त 2015 को इनकम-टैक्स नियम, 1962 के हिस्से के रूप में नियम 114F से 114H को अधिसूचित किया है, जिसके तहत बैंक जैसे भारतीय फाइनेंशियल संस्थानों को हमारे सभी खाता होल्डर से अतिरिक्त पर्सनल, टैक्स और मालिक के रूप में लाभ की जानकारी के साथ कुछ सर्टिफिकेशन और डॉक्यूमेंटेशन की जानकारी मांगनी होगी. संबंधित मामलों में, खाते से उपयुक्त रोक या उससे संबंधित कोई भी आय सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कर अधिकारियों/नियुक्त एजेंसियों/विदहोल्डिंग एजेंट को जानकारी देनी होगी. अगर आपके द्वारा प्रदान की गई किसी भी

जानकारी में कोई बदलाव होता है, तो कृपया सुनिश्चित करें कि आप हमें तुरंत बताएं, यानी 30 दिनों के भीतर. अगर आपको अपनी टैक्स रेजिडेंसी के बारे में कोई संदेह है, तो कृपया अपने कर सलाहकार से संपर्क करें. अगर आप अमेरिका के नागरिक या निवासी या ग्रीन कार्ड धारक हैं, तो कृपया अपनी यूएस कर पहचान संख्या के साथ देश की जानकारी फील्ड में संयुक्त राज्य अमेरिका को शामिल करें. अगर आप ऐसे देश टैक्स रेजिडेंट हैं जो टीआईएन या इसका कार्यात्मक समकक्ष जारी करता है, तो यह देना अनिवार्य है. अगर अभी तक कोई टीआईएन उपलब्ध नहीं है या अभी तक टीआईएन जारी नहीं किया गया है, तो कृपया एक स्पष्टीकरण प्रदान करें और इसे फॉर्म में जोड़ें. मुझे पता है कि बैंक किसी भी मौजूदा ग्राहक आईडी को समेकित करने का अधिकार सुरक्षित रखता है जिसका निर्णय वह मुझे बिना कोई पूर्व सूचना दिए ले सकता है, मैं इसके द्वारा पूरी ईमानदारी से घोषित करता/करती हूं कि ऊपर दी गई जानकारी नवीनतम है और सही है और मेरे द्वारा अपनी हाल ही की तस्वीर और केवाईसी दस्तावेजों की फोटो सबमिट की गई है.

**वॉलेट खाते की निष्क्रियता और इसे बंद करना**

अगर वॉलेट खाते में दस वर्ष की अवधि के लिए कोई ट्रांज़ैक्शन नहीं होता है, तो खाते को निष्क्रिय खाता माना जाएगा. इस प्रकार ग्राहक को समय-समय पर खाते में ट्रांज़ैक्शन करना चाहिए, ताकि यह बंद न हो. अगर दस वर्ष की अवधि तक खाते में ग्राहक द्वारा किया गया कोई डेबिट, क्रेडिट और/या तृतीय पक्ष ट्रांज़ैक्शन नहीं है, तो इसे बंद किया जा सकता है. बैंक द्वारा शुरू किए गए किसी भी ट्रांज़ैक्शन को ग्राहक द्वारा किए गए ट्रांज़ैक्शन के रूप में नहीं माना जाएगा. बैंक, ग्राहक को सूचित करने के किसी दायित्व के बिना निष्क्रिय वॉलेट खाते को बंद करने का अधिकार सुरक्षित रखता है. ग्राहक द्वारा किए गए अंतिम ट्रांज़ैक्शन की तिथि से 10 वर्ष पूरे होने के बाद, वॉलेट खाते को उपयोग न किए गए फंड के साथ डीईएएफ (जमाकर्ता जागरूकता और शिक्षा फंड) में भेज दिया जाएगा.

अगर वॉलेट में बैलेंस शून्य है, तो ऐक्सिस बैंक के पास ग्राहक को सूचित करने के किसी दायित्व के बिना किसी भी समय खाते को बंद करने का अधिकार है.

ऐक्सिस बैंक सेवा प्रदाता को बदलने या ऐक्सिस द्वारा सेवा प्रदान करने के तरीके को बदलने का अधिकार सुरक्षित रखता है. ऐक्सिस बैंक ऐक्सिस मोबाइल एप्लीकेशन बंद करने और बैलेंस को उनके ऐक्सिस बचत खाते में ट्रांसफर करने का अधिकार सुरक्षित रखता है.
ऐक्सिस बैंक द्वारा सेवा प्रदाता बदलने की तारीख से 60 दिन पूरे होने के बाद ऐक्सिस बैंक नए सेवा प्रदाता से क्लेम न किए गए फंड को डीईएएफ (जमाकर्ता जागरूकता और शिक्षा निधि) में स्थानांतरित करने का अधिकार रखता है.

**संशोधन का अधिकार**

ऐक्सिस बैंक किसी भी समय और ग्राहक/ग्राहकों को पूर्व सूचना दिए बिना, इस प्रोग्राम से संबंधित नियमों को पूरी तरह से या आंशिक रूप से जोड़ने और/या परिवर्तित करने, संशोधित करने, बदलने का अधिकार स्पष्ट रूप से सुरक्षित रखता है.

**कर**

सरकार या किसी अन्य वैधानिक प्राधिकरण/निकाय या किसी भी भागीदार संस्थान को देय कोई कर या अन्य देयताएं या शुल्क, जो प्रोग्राम के प्रावधान के कारण उत्पन्न या ग्राहक/ग्राहकों पर लागू हो सकते हैं, केवल ग्राहक/ग्राहकों का उत्तरदायित्व होंगे.

**न्यायाधिकार क्षेत्र**

इस प्रोग्राम के परिणामस्वरूप या इसके संबंध में उत्पन्न होने वाले विवाद, यदि कोई हो, तो भारत के कानूनों और केवल मुंबई में सक्षम न्यायालयों/अधिकरणों के विशेष अधिकार क्षेत्र के अधीन होंगे.

**ऐक्सिस बैंक के लिए प्राधिकरण**

ग्राहक ऐक्सिस बैंक को सभी ट्रांज़ेक्शन (ऊपर परिभाषित) और ऐक्सिस मोबाइल एप्लीकेशन के तहत उनके द्वारा ली गई सेवाओं के संबंध में निर्देशों को पूरा करने के लिए अपने खाते को एक्सेस करने और ग्राहक के ऐसे अनुरोधों को स्वीकार/निष्पादित करने के उद्देश्य से किसी भी तृतीय पक्ष के साथ खाते की जानकारी शेयर करने के लिए अपरिवर्तनीय रूप से और बिना शर्त अधिकृत करता है.

**अधिकृत करना**

- ग्राहक ऐक्सिस बैंक को सभी ट्रांज़ैक्शन (ऊपर बताए गए) और ऐक्सिस मोबाइल एप्लीकेशन के तहत उनके द्वारा ली गई सेवाओं के संबंध में बैंकिंग ट्रांज़ैक्शन  के लिए निर्देशों को पूरा करने के लिए अपने खाते को संचालित करने के लिए अपरिवर्तनीय रूप से और बिना शर्त अधिकृत करता है.
- ग्राहक ऐक्सिस बैंक को सेवाओं के माध्यम से बैंकिंग या ग्राहक के अन्य ट्रांज़ैक्शन को प्रभावित करने सहित सेवा का लाभ उठाने के लिए ऐक्सिस मोबाइल एप्लीकेशन के प्रमाणीकरण के दौरान रजिस्टर्ड अपने खाते और पर्सनल विवरण को एक्सेस करने के लिए अपरिवर्तनीय रूप से और बिना शर्त अधिकृत करता है.
- ग्राहक स्पष्ट रूप से ऐक्सिस बैंक को लागू कानूनों के तहत सेवा प्रदाता या किसी अन्य तृतीय पक्ष को उनके पास मौजूद उनकी वे सभी व्यक्तिगत जानकारी प्रकट करने के लिए अधिकृत

करता है, जो ग्राहक को ऐक्सिस मोबाइल एप्लीकेशन के तहत दी जाने वाली सेवाएं प्रदान करने के लिए आवश्यक हो सकती हैं.

- ग्राहक द्वारा ऐक्सिस बैंक को स्पष्ट रूप से ग्राहक के विवरण और ट्रांज़ैक्शन के विवरण को रिकॉर्ड करने का अधिकार दिया गया है. ट्रांज़ैक्शन के समय, लाभार्थी विवरण आदि सहित सेवाओं के उपयोग से होने वाले ट्रांज़ैक्शन द्वारा उत्पन्न हुए ऐक्सिस बैंक के सभी रिकॉर्ड; रिकॉर्ड किए गए ट्रांज़ैक्शन की वास्तविकता और सटीकता का निर्णायक प्रमाण होंगे.
- ग्राहक ऐक्सिस बैंक को यह अनुमति देता है कि बैंक उसके मोबाइल फोन नंबर पर संदेश भेज सके या कॉल कर सके, अथवा ऐक्सिस मोबाइल एप्लीकेशन पर बैनर या अन्य संदेश दिखा सके, ताकि उसे किसी भी तरह के प्रमोशनल ऑफर, ऐक्सिस बैंक के नए उत्पादों (जो वर्तमान में उपलब्ध हों या भविष्य में आएंगे), शुभकामनाएं, बैनर या अन्य प्रचार संबंधी संदेश, या कोई अन्य संदेश जो ऐक्सिस बैंक को उपयुक्त लगे, की जानकारी दी जा सके.
- ग्राहक अपरिवर्तनीय रूप से और बिना शर्त सहमत है कि ऐक्सिस बैंक और/या उसके एजेंट द्वारा किए गए ऐसे कॉल या मैसेज को ग्राहक की गोपनीयता के उल्लंघन के रूप में नहीं माना जाएगा और उसके अनुसार उनके खिलाफ कार्रवाई नहीं की जाएगी.
- अगर बैंक यह पाता है कि ग्राहक द्वारा भेजा गया अनुरोध ऐक्सिस बैंक द्वारा सेवाओं का लाभ उठाने के लिए निर्धारित आवश्यकताओं के अनुसार नहीं है तो ग्राहक ऐक्सिस बैंक को कोई भी अस्वीकृति मैसेज भेजने या किसी भी ट्रांज़ैक्शन/अनुरोध को अस्वीकार करने के लिए अधिकृत करता है.
- ऐक्सिस बैंक यह सुनिश्चित करने के लिए सभी उचित प्रयास करेगा कि ग्राहकों की व्यक्तिगत जानकारी को गोपनीय रखा जाए. हालांकि ऐक्सिस बैंक ग्राहक द्वारा गोपनीय ग्राहक जानकारी के किसी भी प्रकटीकरण या खुलासे के लिए जिम्मेदार नहीं होगा.
- ग्राहक स्पष्ट रूप से ऐक्सिस बैंक को यह अनुमति देता है कि बैंक ऐक्सिस मोबाइल एप्लीकेशन के सोशल कनेक्ट फीचर के माध्यम से उपलब्ध सभी अनुरोध या ट्रांज़ैक्शन ग्राहक के कहने पर या ग्राहक के लिए कर सके, और इसके लिए बैंक को ऐक्सिस मोबाइल एप्लीकेशन से आए इन अनुरोधों या ट्रांज़ैक्शन की प्रामाणिकता को सत्यापित करने की आवश्यकता नहीं होगी, चाहे वे ग्राहक से आए हुए ही प्रतीत हों.
- ऐक्सिस बैंक के पास भविष्य में किसी भी समय इन सेवाओं के माध्यम से कोई भी नई सेवाएं पेश करने का विकल्प होगा और ग्राहक को ऐसी नई सेवाओं के लिए ग्राहक को रजिस्टर करने के लिए ऐक्सिस बैंक को स्पष्ट रूप से अधिकृत माना जाएगा.

**ग्राहक की देयताएं और जिम्मेदारियां**

1. सेवाओं का लाभ लेने के लिए ग्राहक द्वारा प्रदान की गई किसी भी जानकारी की सटीकता के लिए ग्राहक खुद ज़िम्मेदार होगा.
2. ऐक्सिस मोबाइल एप्लीकेशन के माध्यम से रीचार्ज, बिल भुगतान और किसी भी अन्य सेवा का

उपयोग करने के लिए ग्राहक ही पूरी तरह से ज़िम्मेदार होगा.

3. ऐक्सिस मोबाइल एप्लीकेशन के तहत सेवाओं का लाभ उठाने वाले ग्राहक आरबीआई द्वारा समय-समय पर जारी किए गए 'अपने ग्राहक को जानें/मनी लॉन्ड्रिंग रोधी/आतंकवाद से संबंधित गतिविधियों को मिलने वाली वित्तीय मदद को रोकने के संबंध में लागू दिशानिर्देशों और समय-समय पर संशोधित मनी लॉन्ड्रिंग की रोकथाम के अधिनियम (पीएमएलए) और उसके तहत नियमों के प्रावधानों से बाध्य होंगे.
4. ऐक्सिस मोबाइल एप्लीकेशन के माध्यम से प्रदान की गई सेवाओं का लाभ उठाने के लिए ग्राहक अपने द्वारा प्रदान की गई जानकारी में कोई भी विसंगति होने के मामले में खुद उत्तरदायी और ज़िम्मेदार होगा.
5. अगर ग्राहक को संदेह है कि ऐक्सिस बैंक द्वारा दी गई जानकारी में कोई त्रुटि है, तो वह तुरंत बैंक को सूचित करेगा. ऐक्सिस बैंक, जहां भी संभव हो, त्रुटि को तुरंत ठीक करने का हर संभव प्रयास करेगा.
6. बैंक द्वारा किसी भी सेवा प्रदाता या तृतीय पक्ष को निजी जानकारी ज़ाहिर करने के कारण ग्राहक को हुए किसी भी नुकसान के लिए ऐक्सिस बैंक ज़िम्मेदार नहीं होगा. इस तरह से जानकारी ज़ाहिर करने के कारणों में किसी भी टेलीकम्युनिकेशन या इलेक्ट्रॉनिक क्लियरिंग नेटवर्क में भागीदारी करना, किसी भी कानूनी या नियामक निर्देशों का अनुपालन करना, सांख्यिकीय विश्लेषण या क्रेडिट रेटिंग के लिए या फिर किसी कानूनी या नियामक का अनुपालन करना शामिल है, लेकिन इनके अलावा और भी कारण हो सकते हैं.
7. ऊपर बताई गई सेवाओं का उपयोग करने के लिए अपने मोबाइल फोन और एम-पिन को सुरक्षित रखने की ज़िम्मेदारी पूरी तरह से ग्राहक की होगी.
8. उपरोक्त एम-पिन या ऐक्सिस मोबाइल एप्लीकेशन पर दिए गए क्रेडेंशियल के किसी भी प्रकार के अनधिकृत या गैरकानूनी उपयोग के लिए ग्राहक ही ज़िम्मेदार होगा, साथ ही, किसी भी तरह की धोखाधड़ी या गलत निर्देश देने के कारण लगने वाले वित्तीय शुल्क के लिए ग्राहक, बैंक के प्रति उत्तरदायी होगा और ऐसे शुल्क का भुगतान केवल ग्राहक को ही करना होगा.
9. ग्राहक यह स्वीकार करता है कि उक्त सेवाओं के उपयोग के लिए, अगर ग्राहक द्वारा रजिस्टर्ड मोबाइल फोन नंबर और मान्य एम-पिन के माध्यम से कोई भी ट्रांज़ैक्शन होता है, तो यह माना जाएगा कि उसे खुद ग्राहक के द्वारा अपने विवेक के आधार पर किया गया है.
10. यह ग्राहक की ही ज़िम्मेदारी है कि अगर उसके पंजीकृत मोबाइल फोन नंबर में बदलाव होता है या अगर उसका मोबाइल फोन खो गया है या किसी अन्य व्यक्ति को आवंटित कर दिया गया है, तो वह बैंक से इन सेवाओं को निलंबित करने का अनुरोध करे. ग्राहक, बैंक को उसके खाते में उस अनधिकृत ट्रांज़ैक्शन, अगर कोई हो तो, के बारे में सूचित करने के लिए भी बाध्य होगा, जिसके बारे में उसे जानकारी है.
11. ऐक्सिस बैंक कुछ अन्य अतिरिक्त सेवाएं प्रदान करने का निर्णय ले सकता है, इसलिए सेवाओं से संबंधित किसी भी जानकारी से अपडेट रहना ग्राहक की ही ज़िम्मेदारी होगी. ऐक्सिस बैंक, ग्राहक की ओर से होने वाली किसी भी लापरवाही के लिए ज़िम्मेदार नहीं होगा.

12. अगर ग्राहक यहां बताए गए नियमों और सेवा की शर्तों और अन्य लागू नियम और शर्तों का उल्लंघन करता है या उसकी लापरवाही की वजह से कोई नुकसान होता है या उसकी ओर से ऐक्सिस मोबाइल एप्लीकेशन में कोई अनधिकृत एक्सेस होने पर उचित समय-सीमा के भीतर ऐक्सिस बैंक को सूचित नहीं कर पाता है, तो ऐसे में होने वाले सभी नुकसान के लिए ग्राहक ही ज़िम्मेदार होगा.
13. ग्राहक इस बात से सहमत होगा कि अगर वह सेवाओं का उपयोग करता है, तो यह माना जाएगा कि वह उपरोक्त सभी नियम और शर्तों से सहमत है और वे नियम और शर्तें ग्राहक पर उसी तरह बाध्यकारी होंगी, जैसा कि ग्राहक द्वारा लिखित रूप में सहमति देने पर होते हैं.

**सेवा की अन्य शर्तें**

ये नियम और शर्तें, ऐक्सिस बैंक द्वारा अपने ग्राहकों को प्रदान की गई किसी भी अन्य सेवाओं के सामान्य नियम और शर्तों के अतिरिक्त हैं:

1. ये सेवाएं उन सभी ग्राहकों के लिए उपलब्ध होंगी, जो भारतीय नागरिक हैं और ऐक्सिस मोबाइल एप्लीकेशन में रजिस्ट्रेशन की तारीख पर उनकी आयु 18 वर्ष से अधिक है.
2. ग्राहक को सेवाओं का उपयोग करने के बारे में समय-समय पर, ऐक्सिस बैंक द्वारा निर्दिष्ट किए जाने वाले और उपलब्ध कराए जाने वाले तरीकों के माध्यम से ऐक्सिस मोबाइल एप्लीकेशन का उपयोग करने के लिए खुद को रजिस्टर करना होगा.
3. ऐक्सिस मोबाइल एप्लीकेशन के तहत ऑफर की जाने वाली सेवाओं के लिए ऐक्सिस बैंक ग्राहक से शुल्क लेने का अधिकार रखता है.
4. ये सेवाएं ग्राहक के अनुरोध और उनसे प्राप्त निर्देशों के आधार पर ऐक्सिस बैंक द्वारा प्रदान की जाएंगी.
5. ग्राहक ऐक्सिस बैंक को बिना किसी शर्त या प्रतिबंध के और अपरिवर्तनीय सहमति के साथ यह अधिकार देता है कि वह सेवाओं का लाभ लेने के लिए, बैंक के साथ रजिस्टर्ड खाते/खातों से शुल्क ले सकता है.
6. ग्राहक इस बात से सहमत होता है और यह पुष्टि करता है कि उल्लिखित सेवाओं का उपयोग करने के उद्देश्य से:
    a. ग्राहक द्वारा प्रदान की गई किसी भी जानकारी को ऐक्सिस बैंक सर्वर के डेटाबेस पर स्टोर किया जाएगा.
    b. ग्राहक, ऐक्सिस बैंक द्वारा ऐक्सिस मोबाइल एप्लीकेशन के तहत ऑफर की जाने वाली सभी सेवाओं के लिए निर्धारित की गई लिमिट का पालन करेगा.
7. इन सेवाओं का लाभ लेने के उद्देश्य से, ग्राहक, ऐक्सिस मोबाइल एप्लीकेशन और सेवाओं के माध्यम से प्रदान की जाने वाली सेवाओं के अनधिकृत और अवैध उपयोग को रोकने के लिए सभी आवश्यक सावधानियां बरतेंगे.

8. ग्राहक एम-पिन/ओटीपी/कोड/पासवर्ड की गोपनीयता बनाए रखने और एम-पिन/ओटीपी/पासकोड/पासवर्ड के उपयोग या दुरुपयोग के कारण होने वाले सभी परिणामों के लिए खुद ज़िम्मेदार होगा.
9. ग्राहक ऐक्सिस मोबाइल एप्लीकेशन का उपयोग करके अपने अनुरोध पर लाभार्थियों को ट्रांसफर किए गए या ग्राहक को प्राप्त सभी फंड के लिए ज़िम्मेदार होगा.
10. ग्राहक, ऐक्सिस मोबाइल एप्लीकेशन में अपनी ओर से किए गए किसी भी अनधिकृत उपयोग/एक्सेस या एमपिन/ओटीपी/पासकोड/पासवर्ड के दुरुपयोग या सेवाओं के संबंध में सुरक्षा के ऐसे अन्य सभी उल्लंघन के बारे में ऐक्सिस बैंक को उचित समय के भीतर तुरंत सूचित करने में लापरवाही बरतने या सूचित नहीं कर पाने के कारण होने वाले सभी नुकसान के लिए ज़िम्मेदार होगा, जिनके बारे में उसे जानकारी है.
11. ऐक्सिस मोबाइल एप्लीकेशन का उपयोग करते समय, ग्राहक गैरकानूनी, हानिकारक, धमकी देने वाला, अपमानजनक, अशिष्ट, परेशान करने वाला, निंदात्मक, अश्लील, पोर्नोग्राफिक, अभद्र, अशोभनीय, विवाद को बढ़ाने वाला, मानहानिकारक, हानिकारक, द्वेषपूर्ण, अपमानजनक, घृणास्पद, जातिगत, संस्कृति या मूल पर आधारित, सामाजिक, राजनीतिक, कानूनी, नैतिक, धार्मिक आधार पर आपत्तिजनक या अन्य किसी प्रकार से आपत्तिजनक या किसी और व्यक्ति के अधिकारों में हस्तक्षेप करने वाला कंटेंट अपलोड, डाउनलोड, पोस्ट या अन्य किसी तरह से ट्रांसमिट नहीं करेगा. इस तरह के अधिकारों में सेलिब्रिटी, गोपनीयता और बौद्धिक संपदा के अधिकारों के अलावा और भी अधिकार शामिल हो सकते हैं, जो केवल इतने तक ही सीमित नहीं हैं
12. ग्राहक ऐक्सिस बैंक को बिना किसी शर्त या प्रतिबंध के और अपरिवर्तनीय सहमति के साथ यह अधिकार देता है कि वह सेवाओं के तहत उसके द्वारा किए गए सभी ट्रांज़ैक्शन को पूरा करने के लिए आवश्यक जानकारी को एक्सेस कर सकता है और इस तरह के अनुरोध को स्वीकार करने/ पूरा करने के लिए उसकी आवश्यक जानकारी को तृतीय पक्ष के साथ शेयर कर सकता है.
13. ऐक्सिस बैंक अपनी इच्छानुसार किसी भी रूप में ट्रांज़ैक्शन के रिकॉर्ड रख सकता है. किसी भी विवाद की स्थिति में, बैंक के रिकॉर्ड को निर्णायक माना जाएगा और इसे ऐक्सिस मोबाइल एप्लीकेशन के माध्यम से किए गए ट्रांज़ैक्शन के लिए प्रमाण माना जाएगा.
14. ग्राहक, ऐक्सिस बैंक द्वारा अधिकृत किए गए माध्यम के अलावा किसी अन्य तरीके से ऐक्सिस मोबाइल एप्लीकेशन और/या सेवाओं का उपयोग नहीं करेगा/उन्हें एक्सेस नहीं करेगा. अगर ग्राहक किसी भी ऐसे उद्देश्य के लिए ऐक्सिस मोबाइल एप्लीकेशन का उपयोग करता है जो गैर-कानूनी, अनुचित है या जो इन नियमों/अन्य निर्दिष्ट नियम और शर्तों के तहत अधिकृत नहीं है, तो ऐक्सिस बैंक को सभी उचित कदम उठाने का अधिकार है
15. ग्राहक यह पुष्टि करता है कि उसके द्वारा दिया गया कोई भी निर्देश, ऐसी सेवाओं का लाभ उठाने के लिए उनके द्वारा उपयोग किए जाने वाले प्रामाणिक एम-पिन/ओटीपी/पासकोड/पासवर्ड के सत्यापन के बाद ही लागू किया जाएगा.
16. ग्राहक इस बात से सहमत है और यह पुष्टि करता है कि एक बार ट्रांज़ैक्शन पूरा हो जाने के

बाद, उसके द्वारा दिए गए 'भुगतान को रोकने के निर्देश' को ऐक्सिस बैंक द्वारा स्वीकार नहीं किया जा सकता है और उस पर कोई कार्रवाई नहीं की जा सकती है.

17. सेवाओं का उपयोग करते समय ग्राहक यह सुनिश्चित करेगा कि:
    a. उसके पास प्राप्त सेवाओं को एक्सेस करने और उनका लाभ उठाने का अधिकार है और वह भारत में प्रचलित लागू कानूनों और विनियमों का विधिवत रूप से पालन करेगा.
    b. उसे ऐक्सिस बैंक को ऐसी जानकारी और/या सहायता प्रदान करनी होगी जो ऐक्सिस बैंक द्वारा सेवा को पूरा करने और/या इन सेवाओं के तहत ऐक्सिस बैंक के किसी अन्य दायित्व के लिए आवश्यक है.
    c. ऐसी सेवाओं का लाभ उठाने के लिए वे ऐक्सिस बैंक को सटीक और प्रामाणिक जानकारी/निर्देश प्रदान करने के लिए ज़िम्मेदार होंगे.
    d. उनके द्वारा किसी भी समय, किसी भी व्यक्ति को ऐक्सिस बैंक या किसी अन्य बैंक में उनके द्वारा धारित खातों का विवरण, पासवर्ड, खाता संख्या, जो समय-समय पर आवंटित किए जाते हैं, प्रदान नहीं किया जाएगा.
18. ग्राहक यह स्वीकार करता है कि ऐक्सिस बैंक द्वारा ऐक्सिस मोबाइल एप्लीकेशन में प्रदान की जाने वाली सेवाओं का लाभ वह अपने जोखिम पर करेगा और इन जोखिमों में ये शामिल होंगे:
    a. कोई भी तकनीकी त्रुटि, विफलता, खराबी, नेटवर्क विफलता, कानूनी प्रतिबंध और अन्य कारण, जो ऐक्सिस बैंक के नियंत्रण से परे हैं, उसके लिए ऐक्सिस बैंक ज़िम्मेदार नहीं होगा.
    b. ग्राहक द्वारा प्रदान की गई जानकारी गलत/त्रुटिपूर्ण/अनुचित होने की वजह से होने वाले किसी भी नुकसान, क्षति आदि के लिए ऐक्सिस बैंक को ज़िम्मेदार नहीं ठहराया जाएगा.
    c. प्रक्रिया में शामिल किसी भी सेवा प्रदाता/अन्य तृतीय पक्ष/निकाय की परफॉर्मेंस से होने वाले जोखिम; और सेवा में किसी भी त्रुटि, दोष, विफलता या व्यवधान की वजह से या फंड ट्रांसफर में देरी होने की वजह से ग्राहक को हुए किसी भी नुकसान या हानि से.
    d. ट्रांसमिशन की डिलीवरी में देरी या ऑनलाइन/इलेक्ट्रॉनिक निर्देशों की गैर-डिलीवरी या उसके ट्रांसमिशन या डिलीवरी में किसी भी गलती, चूक या त्रुटि या किसी भी कारण से निर्देशों को डिक्रिप्ट करने में या प्राप्त होने वाली गलत व्याख्या या किसी कार्य या यहां तक कि ऐक्सिस बैंक के नियंत्रण से परे होने वाली कोई भी क्षति.
    e. ऐक्सिस मोबाइल एप्लीकेशन के तहत ऐक्सिस बैंक द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाओं को सक्षम करने की टेक्नोलॉजी पर वायरस या अन्य दुर्भावनापूर्ण, विनाशकारी या नुकसानदायक कोड, प्रोग्राम या मैक्रो का असर पड़ सकता है. यह भी हो सकता है कि ऐक्सिस बैंक के उक्त ऐक्सिस मोबाइल एप्लीकेशन/सर्वर को मेंटेनेंस की आवश्यकता हो और हो सकता है कि ऐसे समय में ग्राहकों के अनुरोध/ट्रांज़ैक्शन को प्रोसेस करना संभव न हो. इसके परिणामस्वरूप निर्देशों की प्रोसेसिंग में देरी या निर्देशों की प्रोसेसिंग में विफलता और ऐसी अन्य विफलताएं और असमर्थताएं हो सकती हैं. ग्राहक यह समझता है कि ऐक्सिस बैंक किसी भी कारण से, किसी भी ग्राहक के निर्देश को पूरा करने में बैंक

की किसी भी विफलता या अक्षमता की वजह से होने वाले नुकसान या अन्य किसी भी प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष दायित्व को अस्वीकार करता है.

f. ऐक्सिस मोबाइल एप्लीकेशन के माध्यम से ऐक्सिस बैंक द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाओं के बारे में तथ्य की अज्ञानता के कारण हुए किसी भी नुकसान के लिए ग्राहक द्वारा ऐक्सिस बैंक को ज़िम्मेदार नहीं ठहराया जाएगा.

19. ग्राहक इस बात से सहमत होता है कि ऐक्सिस बैंक इस संबंध में कोई ज़िम्मेदारी नहीं लेगा:
    a. ग्राहक के निर्देशों पर भरोसा करते हुए सेवा के तहत किए गए ट्रांज़ैक्शन.
    b. ऐसे ट्रांज़ैक्शन नहीं करना, जहां ऐक्सिस बैंक के पास अपने विवेकाधिकार पर विश्वास करने का कारण है कि निर्देश सही नहीं हैं या अन्यथा अस्पष्ट, अनुचित, अनिश्चित या संदेहपूर्ण हैं.
    c. ग्राहक को हुए ऐसे किसी भी नुकसान या हानि के लिए, जो सेवा में किसी त्रुटि, दोष, विफलता या व्यवधान की वजह से होता है या फिर ट्रांसफर/रेमिटेंस में देरी की वजह से और ऐसे किसी कारण से होता है, जो ऐक्सिस बैंक के नियंत्रण से बाहर हो.
    d. ग्राहक यह स्वीकार करता है और इस बात से सहमत होता है कि ऐक्सिस बैंक यह सेवा उपलब्ध कराने वाला केवल माध्यम है और ऐक्सिस बैंक इन सेवाओं के संबंध में कोई वारंटी नहीं देता है या कोई दावा नहीं करता है, न ही ऐक्सिस बैंक इस तरह की किसी सेवा का और/या इसकी स्थिति या प्रतिष्ठा का प्रचार करता है और ऐक्सिस बैंक सेवाओं में आने वाली किसी भी तरह की कमी के लिए या खराब सेवाओं के लिए और ग्राहक हो सकने वाले किसी भी नुकसान के लिए ज़िम्मेदार नहीं होगा. इस संबंध में पूरा जोखिम ग्राहक का होगा.
    e. उक्त सेवाओं का उपयोग करके ग्राहक द्वारा तृतीय पक्ष को दी गई जानकारी/निर्देशों को किसी अन्य तृतीय पक्ष द्वारा अनधिकृत तरीके से एक्सेस करना.
    f. इन सेवाओं का लाभ उठाते समय ग्राहक को होने वाले किसी भी प्रत्यक्ष, अप्रत्यक्ष या परिणामस्वरूप हुए ऐसे नुकसान के लिए, जो सेवाओं में किसी त्रुटि की वजह से और ऐसे कारणों से होते हैं, जो ऐक्सिस बैंक के नियंत्रण से बाहर होते हैं.
    g. जब ऐक्सिस बैंक अच्छे विश्वास में कार्य करता है.
    h. सभी गोपनीय जानकारी ज़ाहिर करने के कारण ग्राहक को होने वाला या उसके द्वारा वहन किया गया कोई भी नुकसान, क्षति, देयता
20. ग्राहक इस बात से सहमत होता है कि ऐक्सिस मोबाइल एप्लीकेशन के तहत ऐक्सिस बैंक द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाओं के लिए लिया जाने वाला शुल्क, अगर कोई हो तो, ऐक्सिस बैंक के पूर्ण विवेकाधिकार पर आधारित होगा और ऐक्सिस बैंक ग्राहक को बिना कोई सूचना दिए समय-समय पर इसे वापस लेने/संशोधित करने/बदलने की स्वतंत्रता रखता है.
21. ग्राहक इस बात से सहमत होता है कि अगर सेवाओं का उपयोग करने के दौरान किसी भी कारण से बैंक खाता बंद/ब्लॉक किया जाता है, तो ग्राहक सीधे अपने बैंक से संपर्क करके समस्या को हल करेगा और इसके लिए ऐक्सिस बैंक को किसी भी तरह से ज़िम्मेदार नहीं ठहराएगा.

22. ऐक्सिस मोबाइल एप्लीकेशन के माध्यम से किए गए सभी ट्रांज़ैक्शन के लिए ग्राहक ज़िम्मेदार रहेगा. ऐक्सिस बैंक बिना कोई पूर्व सूचना दिए किसी भी समय या ग्राहक द्वारा शर्तों का उल्लंघन करने पर किसी भी या सभी सेवाओं को वापस ले सकता है या निरस्त कर सकता है; या फिर, अगर ऐक्सिस बैंक को ग्राहक की मृत्यु होने, दिवालिया होने या कानूनी तौर पर अक्षमता होने या ऐसे किसी भी कारण के बारे में पता चलता है.
23. ग्राहक इस बात से सहमत होता है कि वह उक्त ऐक्सिस मोबाइल एप्लीकेशन का उपयोग करके भुगतान करने के लिए बैंक में मौजूद अपने अलग-अलग बैंक खातों में उपलब्ध राशि को कंसोलिडेट नहीं कर सकता है.
24. ग्राहक, ऐक्सिस बैंक और इसके डायरेक्टर, अधिकारियों, मालिकों, एजेंटों, को-ब्रांडर या अन्य भागीदारों, कर्मचारियों, सूचना प्रदाताओं, लाइसेंसर, लाइसेंस-धारकों, सलाहकारों, अनुबंधकर्ताओं और अन्य उचित तृतीय पक्षों (सामूहिक रूप से "क्षतिपूर्ति पाने वाले पक्ष") को सभी दावों, मांगों, कार्रवाई के कारणों, कर्ज़ या देनदारी से क्षतिपूर्ति दिलाने, बचाव करने और कोई नुकसान नहीं होने देने के लिए सहमत होता है, जिसमें अटॉर्नी की उचित फीस और सेवाओं के उपयोग के कारण होने वाली, उनसे संबंधित क्षतिपूर्ति प्राप्त करने वाले पक्षों द्वारा वहन की जाने वाली लागत भी शामिल हैं :
    a. इन सेवा की शर्तों या ऐक्सिस बैंक के किसी अन्य अतिरिक्त नियम व शर्तों और नीतियों का ग्राहक द्वारा उल्लंघन करना या अनुपालन नहीं करना;
    b. ग्राहक की कार्रवाई या चूक के कारण होने वाला कोई भी विवाद या मुकदमा;
    c. किसी भी लापरवाही या उल्लंघन या किसी कानून या किसी तृतीय पक्ष के अधिकारों का कथित उल्लंघन
25. ऐक्सिस बैंक इस ऐक्सिस मोबाइल एप्लीकेशन के माध्यम से, सीधे या अपने सहयोगियों या अनुबंध वाले सेवा प्रदाताओं के माध्यम से अपनी ओर से कोई भी सेवा प्रदान कर सकता है.
26. एनपीसीआई के प्रचलित दिशानिर्देशों के अनुसार, कोई भी यूपीआई आईडी, जो 365 दिन या उससे अधिक दिनों तक लगातार निष्क्रिय रहती है, तो उसे आगे कोई भी सूचना दिए बिना डीऐक्टिवेट किया जा सकता है.

**गोपनीयता और प्रकटीकरण**

लागू कानून द्वारा प्रतिबंधित नहीं की गई सीमा तक, ऐक्सिस बैंक ग्राहक से संबंधित किसी भी निजी जानकारी और/या सेवाओं के उपयोग के लिए ग्राहक द्वारा दी गई किसी भी अन्य जानकारी को अपनी शाखाओं, प्रतिनिधि कार्यालयों, सहयोगियों, प्रतिनिधियों, लेखा परीक्षकों और ऐक्सिस बैंक द्वारा चयनित तृतीय पक्षों के बीच, जहां भी स्थित हो, ऐक्सिस मोबाइल एप्लीकेशन में और उसके संबंध में गोपनीय उपयोग के लिए ज़ाहिर करने, शेयर करने या ट्रांसफर करने का हकदार होगा. इसके अलावा, ऐक्सिस बैंक को ग्राहक के संबंध में ज्ञात और उसके पास मौजूद सभी निजी जानकारी को वह कभी भी ऐक्सिस बैंक

किसी भी अन्य बैंक/एसोसिएशन/वित्तीय संस्थान या किसी अन्य निकाय के समक्ष ज़ाहिर करने का हकदार होगा. यह खंड इस करार के समाप्त होने के बाद भी कायम रहेगा.

**जानकारी की सटीकता**

- ग्राहक द्वारा सेवाओं का उपयोग करके या ऐक्सिस मोबाइल एप्लीकेशन का उपयोग करके या किसी अन्य माध्यम से बैंक को प्रदान की गई जानकारी के सही होने की ज़िम्मेदारी खुद ग्राहक की होती है.
- ग्राहक यहां स्वीकार करता है कि इन सेवाओं के संबंध में उसके द्वारा प्रदान की गई जानकारी में किसी भी विसंगति के मामले में परिणाम की ज़िम्मेदारी ग्राहक की होगी

यूज़र केवल इस प्रकार ऐक्सिस बैंक को सही जानकारी प्रदान करने के लिए सहमत होता है. अगर ग्राहक को संदेह है कि ऐक्सिस बैंक द्वारा उसे दी गई जानकारी में कोई त्रुटि है, तो वह तुरंत बैंक को सूचित करेगा. ऐक्सिस बैंक जहां भी संभव हो, सर्वश्रेष्ठ प्रयास के आधार पर त्वरित रूप से त्रुटि को ठीक करने का प्रयास करेगा.

- ग्राहक को प्रदान की गई जानकारी की सटीकता सुनिश्चित करने के लिए बैंक द्वारा आवश्यक कदम उठाने के बावजूद भी किसी भी आकस्मिक त्रुटि के लिए भी ऐक्सिस बैंक ज़िम्मेदार नहीं होगा और बैंक द्वारा प्रदान की गई गलत जानकारी के परिणामस्वरूप ग्राहक को होने वाले किसी भी नुकसान/क्षति की स्थिति में ग्राहक ऐक्सिस बैंक के खिलाफ कोई दावा नहीं करेगा.

**समाप्ति**

- ऐक्सिस बैंक, अपने विवेकाधिकार पर, ग्राहक को पूर्व सूचना दिए बिना किसी भी समय, पूरी तरह से या आंशिक रूप से ऐक्सिस मोबाइल एप्लीकेशन की सेवाओं को अस्थायी रूप से वापस ले सकता है या समाप्त कर सकता है. ऐक्सिस बैंक, बिना किसी पूर्व सूचना के, किसी भी समय, जिसके दौरान किसी भी रखरखाव कार्य या मरम्मत की आवश्यकता होती है या किसी आपातकालीन स्थिति में या तकनीकी या सुरक्षा कारणों के लिए, जिसके लिए सेवाओं को निलंबित करने की आवश्यकता होती है, सेवाओं को निलंबित कर सकता है.
- ग्राहक का खाता बंद करने से सेवाएं ऑटोमैटिक रूप से समाप्त हो जाएंगी.
- अगर ग्राहक इन नियम और शर्तों का उल्लंघन करता है या ऐक्सिस बैंक को ग्राहक की मृत्यु, दिवालियापन या कानूनी अक्षमता के बारे में पता चलता है, तो ऐक्सिस बैंक बिना किसी पूर्व सूचना के सेवाओं को निलंबित या समाप्त कर सकता है.
- जब तक लागू कानून या विनियम न कहे, ऐक्सिस बैंक सेवाओं को समाप्त करने और/या इन सेवाओं का उपयोग करने के लिए अनुमत ट्रांज़ैक्शन को बढ़ाने, कम करने या निलंबित करने, इन सेवाओं की सुरक्षा से जुड़े मुद्दों के संबंध में किसी भी समय और ग्राहक को कोई पहले से

कोई भी सूचना दिए बिना प्रक्रिया और ट्रांज़ैक्शन की लिमिट बदलने का अधिकार सुरक्षित रखता है.

**डिस्क्लेमर**

ऐसे मामले में ऐक्सिस बैंक किसी भी दायित्व से मुक्त हो जाएगा:

ग्राहक अप्रत्याशित घटना की स्थिति के कारण सेवाओं का लाभ उठाने में विफल रहता है, जिसमें आवश्यक भौगोलिक सीमा में न होना या प्राकृतिक आपदाओं सहित अन्य कारण शामिल हैं, लेकिन इन्हीं तक सीमित नहीं है; दूरसंचार नेटवर्क में कोई भी तकनीकी खराबी या ऐक्सिस बैंक के वास्तविक नियंत्रण से परे किसी भी अन्य कारण से कानूनी रोक लगने पर, बैंक जवाबदेह नहीं होगा.. इसके अलावा, उपरोक्त कारणों से सेवाओं में किसी चूक के कारण ग्राहक या; किसी अन्य व्यक्ति को प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से हुए नुकसान के कारण उत्पन्न होने वाली किसी भी प्रकार की देनदारी से बैंक मुक्त है.

ग्राहक यह पुष्टि करता है कि ऐक्सिस बैंक को दिए गए ट्रांज़ैक्शन के सभी निर्देश उचित और सही हैं; ग्राहक के एम-पिन, पासवर्ड, पासकोड, ओटीपी या मोबाइल फोन या मोबाइल फोन नंबर का कोई अनधिकृत उपयोग ग्राहक के एम-पिन, पासवर्ड, पासकोड, ओटीपी या मोबाइल फोन या मोबाइल फोन नंबर का उपयोग करके दिए गए किसी भी धोखाधड़ी वाले, डुप्लीकेट या गलत ट्रांज़ैक्शन के निर्देशों के लिए किया जाता है;

- प्रोसेसिंग या ट्रांसमिशन के दौरान किसी भी जानकारी का नुकसान होता है या किसी अन्य व्यक्ति द्वारा कोई अनधिकृत एक्सेस या गोपनीयता का उल्लंघन होता है.
- उक्त सेवाओं को प्रभावित करने वाले सेवा प्रदाताओं या किसी तृतीय पक्ष के भाग में कोई चूक या विफलता होती है और ऐक्सिस बैंक ऐसे किसी भी सेवा प्रदाता या किसी तृतीय पक्ष द्वारा प्रदान की गई सेवा की गुणवत्ता के बारे में कोई वारंटी नहीं देता है.

ऐक्सिस बैंक उक्त सेवाओं के संबंध में ऐक्सिस मोबाइल एप्लीकेशन के माध्यम से निजी या अन्य किसी प्रकार से ट्रांसमिट किए गए मैसेज या नोटिफिकेशन की गोपनीयता या सुरक्षा की वारंटी नहीं देता है. ऐक्सिस बैंक सिस्टम और नेटवर्क या उनके कार्य या परफॉर्मेंस के संबंध में या ग्राहक को किसी अन्य व्यक्ति को सेवाओं की वजह से या उनके संबंध में होने वाले नुकसान या क्षति के लिए किसी भी प्रकार की वारंटी नहीं देता है या इस तरह का कोई वादा नहीं करता है. ऐक्सिस बैंक, उसके डायरेक्टर और कर्मचारी, एजेंट या अनुबंधकर्ता किसी भी प्रकार के नुकसान या हानि के लिए ज़िम्मेदार नहीं होंगे, फिर चाहे वह नुकसान या हानि प्रत्यक्ष हो, अप्रत्यक्ष हो या भविष्य में होने वाली हो, जिसमें रेवेन्यू, लाभ, बिज़नेस, अनुबंध, प्रत्याशित बचत या प्रतिष्ठा, सॉफ्टवेयर सहित किसी उपकरण का उपयोग करने की वजह से हुआ नुकसान शामिल है, लेकिन इन्हीं तक सीमित नहीं हैं, चाहे उसके बारे में पहले से अनुमान

हो या न हो, जिसे ग्राहक या किसी अन्य व्यक्ति को वहन करना पड़ा हो, और उसका कारण बैंक द्वारा अनुरोध प्राप्त करने और प्रोसेस करने में और प्रतिसाद तैयार करने और भेजने में देरी, रुकावट, सस्पेंशन, रिज़ोल्यूशन या त्रुटि हो, या फिर ग्राहक के टेलीकम्यूनिकेशन उपकरण और किसी भी सेवा प्रदाता के नेटवर्क और बैंक के सिस्टम पर और उससे किसी भी जानकारी या मैसेज के ट्रांसमिशन में कोई भी विफलता, देरी, रुकावट, सस्पेंशन, प्रतिबंध या त्रुटि हो, या ग्राहक के टेलीकम्यूनिकेशन उपकरण, बैंक के सिस्टम या किसी भी सेवा प्रदाता के नेटवर्क में और/या सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए ज़रूरी सेवाएं देने वाले तृतीय पक्ष को आने वाली खराबी, रुकावट, सस्पेंशन या विफलता हो.

भले ही इन नियम और शर्तों में कुछ विपरीत उल्लेख हो, ऐक्सिस बैंक ग्राहक और सेल्युलर सेवा प्रदाता या किसी तृतीय पक्ष सेवा प्रदाता (फिर चाहे बैंक द्वारा उस निमित्त या अन्य किसी वजह से नियुक्त किया गया हो) के बीच किसी भी विवाद में शामिल नहीं होगा या ग्राहक के प्रति किसी भी तरह से ज़िम्मेदार नहीं होगा.

ग्राहक की स्पष्ट या निहित अनुमति के साथ किसी अन्य व्यक्ति द्वारा सेवाओं का उपयोग करने के कारण ग्राहक को होने वाला कोई भी नुकसान. ग्राहक के निर्देशों को पूरा करने के लिए सेवाओं के माध्यम से भेजी जा रही निजी या खाते की जानकारी की गोपनीयता और सुरक्षा के लिए ऐक्सिस बैंक ज़िम्मेदार नहीं होगा.

बैंक द्वारा किसी तृतीय पक्ष को निजी जानकारी ज़ाहिर करने के कारण ग्राहक को हुए किसी भी नुकसान के लिए ऐक्सिस बैंक को उत्तरदायी नहीं ठहराया जाएगा, जिसमें किसी भी टेलीकम्युनिकेशन या इलेक्ट्रॉनिक क्लियरिंग नेटवर्क में शामिल होना, कानूनी निर्देश का पालन करना, सांख्यिकीय विश्लेषण या क्रेडिट रेटिंग जैसी वजह शामिल हैं, लेकिन इन्हीं तक सीमित नहीं है.

ऐक्सिस बैंक के पास वे डिवाइस, सॉफ्टवेयर प्लेटफॉर्म, संस्करण, नेटवर्क, विधियां और डेटा सेवाएं चुनने का अधिकार सुरक्षित है जिन्हें सपोर्ट किया जाएगा. ऐक्सिस बैंक समय-समय पर आधिकारिक रूप से समर्थित टूल्स, टेक्नोलॉजी और संस्करण प्रकाशित करेगा, जिसमें विभिन्न इंस्ट्रूमेंट के ऐक्सिस मोबाइल एप्लीकेशन के उपयोग के लिए लागू नियम और शर्तें शामिल होंगी. ग्राहक हर समय इन नियमों और शर्तों का पालन करेगा. इन नियमों को बायपास करने या ऐक्सिस मोबाइल एप्लीकेशन में उपयोग के लिए असमर्थित संस्करण को संशोधित करने के किसी भी प्रयास को इस नियम और शर्तों के डॉक्यूमेंट का अनधिकृत उपयोग और उल्लंघन माना जाएगा.

**ऐक्सिस मोबाइल एप्लीकेशन की सेवाओं में संशोधन/बदलाव**

ऐक्सिस बैंक उचित समझे जाने पर ग्राहक को पहले से कोई भी सूचना दिए बिना, दिए गए नियम और शर्तों में किसी भी समय अपने विवेकाधिकार से कोई भी संशोधन करने का अधिकार सुरक्षित रखता है.

ऐसे किसी भी संशोधन की जानकारी को इस वेबसाइट पर दिखाकर ग्राहक को सूचित किया जाएगा: http://www.axis.bank.in; और ग्राहक उन संशोधित नियम और शर्तों से बाध्य होंगे.

**संचार**

ऐक्सिस बैंक और ग्राहक इन नियम और शर्तों के तहत इलेक्ट्रॉनिक रूप से ग्राहक के मेलबॉक्स पर भेजकर (जिसे लिखित नोटिस माना जाएगा) या उन्हें हाथ में डिलीवर करके या ग्राहक द्वारा दिए गए पिछले पते पर डाक द्वारा भेजकर और ऐक्सिस बैंक के ऑफिस के पते पर भेजकर नोटिस दे सकते हैं. ऑफिस का पता है: सर्विस क्वॉलिटी डिपार्टमेंट, ऐक्सिस बैंक लिमिटेड, कॉर्पोरेट ऑफिस, बॉम्बे डाइंग मिल्स कंपाउंड, पांडुरंग बुधकर मार्ग, वर्ली, मुंबई - 400025, टेलीफोन: (022) 24252525. इसके अलावा, ऐक्सिस बैंक सेवाओं और नियम और शर्तों के संबंध में सामान्य नोटिस भी प्रदान करेगा, जो सेवाओं का उपयोग करने वाले सभी ग्राहकों पर लागू होगी और यह नोटिस वेबसाइट http://www.axis.bank.in पर मौजूद होगी और/या ग्राहक को शॉर्ट मैसेजिंग सर्विस ("एसएमएस") के रूप में उनके मोबाइल फोन नंबर पर कस्टमाइज़्ड मैसेज और नोटिफिकेशन के माध्यम से भी भेजा जाएगा. इसके अतिरिक्त

ऐक्सिस बैंक सामान्य नोटिस भी प्रकाशित कर सकता है, जो सेवाओं का उपयोग करने वाले सभी ग्राहकों पर लागू होती हैं. ऐसे नोटिस प्रत्येक ग्राहक को व्यक्तिगत रूप से दिए गए माने जाएंगे. *सेट-ऑफ और लिएन का अधिकार* - ऐक्सिस बैंक के पास यह अधिकार होगा कि वह ग्राहक द्वारा सेवाओं का उपयोग करने और/या एप्लिकेशन को एक्सेस करने के बदले ली जाने वाली पूरी बकाया राशि, चाहे जितनी भी हो, को रिकवर करने के लिए खाते (खातों) या वॉलेट या किसी अन्य खाते में जमा राशि/स्क्रिप्ट पर, चाहे एकल हो या संयुक्त, भले ही उस पर पहले से कोई अन्य लिएन या शुल्क लगे हों, अभी या भविष्य में सेट-ऑफ और लिएन के अधिकार का उपयोग करेगा.

**प्रभावी कानून और न्यायाधिकार क्षेत्र**

इन नियमों और शर्तों का निर्माण, वैधता और परफॉर्मेंस सभी मामलों में भारत के कानूनों द्वारा नियंत्रित किया जाएगा. दोनों पक्ष यह मानते हैं कि यह मामला मुंबई, इंडिया की सक्षम अदालतों के खास अधिकार क्षेत्र में होगा, और इस मामले में किसी भी दूसरी अदालत का अधिकार क्षेत्र नहीं होगा, भले ही उन दूसरी अदालतों का इस मामले में वैसा ही अधिकार क्षेत्र प्राप्त हो या नहीं. ऐक्सिस बैंक भारत को छोड़कर किसी भी देश के कानूनों का अनुपालन न करने के लिए प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से उत्पन्न होने वाले किसी भी दायित्व से मुक्त है, जहां सेवाएं उपलब्ध हैं.

**अप्रत्याशित परिस्थितियां**

यहां अन्य किसी प्रावधान में कुछ विपरीत उल्लेख होने के बावजूद भी, बैंक इस एग्रीमेंट के तहत अपने दायित्वों को पूरा करने में विफल होने या उसमें देरी होने पर किसी भी स्थिति में ज़िम्मेदार नहीं होगा, बशर्ते ऐसी विफलता का कारण कोई प्राकृतिक आपदा, बाढ़, सूखा, भूकंप, भूस्खलन, तूफान, चक्रवात, आंधी-तूफान, महामारी/संक्रामक रोग, भुखमरी, आग, विस्फोट, दंगे या सामाजिक अशांति, युद्ध (चाहे घोषित हो या अघोषित), सार्वजनिक हितों के विरुद्ध शत्रुतापूर्ण कार्रवाई, आतंकवादी कृत्य, सैन्य कार्यवाही, सरकार या नियामक के आदेश/सूचना द्वारा घोषित लॉकडाउन, सरकार/अन्य प्राधिकरण की अन्य कार्यवाही, न्यायालय के आदेश या उद्योग-व्यापी/क्षेत्र-व्यापी/राष्ट्र-व्यापी हड़ताल, तालाबंदी, सिर्फ नियमों में लिखे काम करना, जानबूझकर धीमी गति से काम करना या इसी तरह की काम करने वाली श्रम संबंधी कार्यवाही, बिजली या अन्य सप्लाई की सामान्य विफलता, तकनीकी खराबी, दुर्घटनावश या मैकेनिकल अथवा इलेक्ट्रिकल खराबी, कंप्यूटर/नेटवर्क फेल होना या मनी ट्रांसमिशन अथवा पेमेंट गेटवे या कोर बैंकिंग सिस्टम का फेल होना, तकनीकी गड़बड़ी या फिर ऐसी कोई परिस्थिति हो, जो बैंक के उचित नियंत्रण से बाहर हो ("आकस्मिक घटना"). बैंक अपने विवेकाधिकार से सेवाओं को जारी रख सकता है या किसी आकस्मिक घटना के दौरान सेवाओं को निलंबित या समाप्त कर सकता है.

**क्षतिपूर्ति**

- ऐक्सिस बैंक द्वारा ग्राहक को सेवाएं और ऐक्सिस मोबाइल एप्लीकेशन और/या सेवाओं की एक्सेस प्रदान करने की सहमति के अनुसार, ग्राहक, अपने स्वयं के खर्च पर, समय-समय पर, जो भी मामला हो उसके अनुसार, हमेशा पूरी तरह से और बिना किसी सीमा के ऐक्सिस बैंक, उसके सहयोगियों, सहायक कंपनियों और उनके कर्मचारियों, डायरेक्टर, सलाहकार, एजेंट, परामर्शदाताओं, उत्तराधिकारियों, प्रतिनिधियों और अधिकार प्राप्त व्यक्ति या संस्था (इसके बाद से इसे "क्षतिपूर्ति पाने वाला पक्ष" कहा गया है) को सभी प्रत्यक्ष और/या अप्रत्यक्ष (तृतीय पक्ष सहित) दावों, लागतों, नुकसान, मांग, अभियोग, सुनवाई, कार्यवाहियों, खर्चों, दंड, क्षति, दायित्व, मुआवजों, पेनल्टी और/या क्षतिपूर्ति पाने वाले पक्ष को हुए, होने वाले या वहन किए जा सकने वाले ("नुकसान"), अटॉर्नी सहित अभियोजन की लागत/खर्च, चाहे कुछ भी हो, के लिए क्षतिपूर्ति देने, उनका बचाव करने और उन्हें सुरक्षित रखने के लिए सहमत होगा, जो कि प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से ग्राहक द्वारा सेवाओं का उपयोग करने और ऐक्सिस मोबाइल एप्लीकेशन की सेवाओं का उपयोग करके शुरू किए गए सभी ट्रांज़ैक्शन की वजह से हो सकते हैं, फिर भले ही ग्राहक को इस बात की जानकारी हो या न हो, या चाहे ये ट्रांज़ैक्शन सही इरादे से किए गए हों या किसी अन्य इरादे से, ग्राहक यह सहमति देते हैं कि क्षतिपूर्ति प्राप्त करने वाले पक्ष ने ग्राहक के ट्रांज़ैक्शन के निर्देश पर और ग्राहक की अनुमति से, इन नियम और शर्तों और अन्य लागू निर्दिष्ट नियम और शर्तों के तहत ग्राहक के ट्रांज़ैक्शन को प्रोसेस किया है. ग्राहक इस बात से भी सहमत होते हैं और यह पुष्टि करते हैं कि ग्राहक द्वारा सेवाओं को आंशिक रूप से बंद करने

के बाद भी उस पर यह क्षतिपूर्ति मान्य, कायम और बाध्यकारी रहेगी.

- ग्राहक क्षतिपूर्ति प्राप्त करने वाले पक्षों को, उनकी मांग पर, ऐसी राशि का भुगतान करने के लिए सहमत होता है, जो क्षतिपूर्ति प्राप्त करने वाले पक्ष के हिसाब से किसी भी नुकसान या खर्च की क्षतिपूर्ति के लिए पर्याप्त हो, फिर भले ही ऐसे खर्च हुए ही न हों या भविष्य में कभी हो सकते हों.

**जोखिम**

ऐक्सिस मोबाइल एप्लीकेशन का उपयोग करके, ग्राहक डिजिटल और मोबाइल बैंकिंग सेवाओं से जुड़े अंतर्निहित जोखिमों को स्वीकार करता है और समझता है. ऐक्सिस बैंक मजबूत सुरक्षा उपाय अपनाने का हर संभव प्रयास करता है, लेकिन ग्राहक इस बात से सहमत होता है कि बैंक अपने नियंत्रण से बाहर के कारकों की वजह से पूरी सुरक्षा की गारंटी नहीं दे सकता है. ग्राहक स्पष्ट रूप से निम्नलिखित संभावित जोखिमों से सहमत होता है और उन्हें स्वीकार करता है:

1. **अनधिकृत एक्सेस**: अगर ग्राहक के क्रेडेंशियल, जिसमें एम-पिन, पासवर्ड या मोबाइल डिवाइस की सुरक्षा सेटिंग शामिल हैं, से छेड़छाड़ होती है, तो अनधिकृत एक्सेस हो सकती है. ग्राहक इस बात से सहमत होता है कि इन क्रेडेंशियल्स की गोपनीयता बनाए रखना उनकी ही ज़िम्मेदारी है.
2. **मोबाइल डिवाइस खो जाना या चोरी हो जाना**: ग्राहक का मोबाइल फोन खो जाने या चोरी हो जाने से बैंकिंग से जुड़े संवेदनशील डेटा की एक्सेस मिल सकती है, जिससे अनधिकृत ट्रांज़ैक्शन का जोखिम बढ़ सकता है. ऐसी परिस्थितियों में यह ग्राहक की ज़िम्मेदारी होती है कि वह अपने खाते की एक्सेस को ब्लॉक करने के लिए ऐक्सिस बैंक को तुरंत सूचित करे.
3. **साइबर-अटैक**: ग्राहक यह स्वीकार करता है कि मोबाइल बैंकिंग सेवाएं हैकिंग, मैलवेयर, रैंसमवेयर और वायरस सहित साइबर खतरों के प्रति संवेदनशील होती हैं, इनके कारण उनकी निजी और वित्तीय जानकारी के खतरे में पड़ने की संभावना होती है.
4. **फिशिंग और सोशल इंजीनियरिंग अटैक**: संवेदनशील बैंकिंग क्रेडेंशियल प्राप्त करने के लिए ग्राहक को फिशिंग ईमेल, धोखाधड़ी वाली वेबसाइट, कॉल, मैसेज या अन्य धोखाधड़ी वाले तरीकों के माध्यम से टार्गेट किया जा सकता है. ग्राहक को हमेशा सतर्क और सावधान रहना चाहिए और संदिग्ध अनुरोधों का जवाब देने से बचना चाहिए.
5. **मैलवेयर अटैक**: मोबाइल डिवाइस पर दुर्भावनापूर्ण सॉफ्टवेयर (मैलवेयर) इंस्टॉल करने से निजी डेटा, लॉग-इन क्रेडेंशियल और ट्रांज़ैक्शन से जुड़े विवरणों में अनधिकृत एक्सेस का खतरा हो सकता है. ग्राहकों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि उनके डिवाइस विश्वसनीय सुरक्षा सॉफ्टवेयर से सुरक्षित हैं और अविश्वसनीय स्रोतों के एप्लीकेशन डाउनलोड करने से बचना चाहिए.
6. **प्रसंस्करण त्रुटियां**: सिस्टम की गड़बड़ी, सॉफ्टवेयर बग, या मानवीय प्रविष्टियों की गलतियों के कारण, प्रसंस्करण त्रुटियां उत्पन्न हो सकती हैं, जिसमें ट्रांज़ैक्शन विफल होना शामिल हैं, लेकिन यह इन्हीं तक सीमित नहीं हैं. ग्राहक स्पष्ट रूप से सहमत है कि ऐसी किसी भी त्रुटियों या नुकसान के लिए ऐक्सिस बैंक उत्तरदायी नहीं होगा, जब तक कि ऐसी गंभीर लापरवाही या

जानबूझकर की गई गलती बैंक द्वारा न की गई हो.

7. **ट्रांज़ैक्शन जोखिम**: मोबाइल बैंकिंग के माध्यम से किए गए ट्रांज़ैक्शन में कभी-कभी तकनीकी समस्याओं, नेटवर्क विफलताओं, सर्वर डाउनटाइम या ट्रांज़ैक्शन प्रक्रिया त्रुटियों के कारण देरी, विफलता या गलतियों का सामना करना पड़ सकता है. ऐक्सिस बैंक अपने उचित नियंत्रण से परे ऐसी ट्रांज़ैक्शन में आने वाली रुकावटों से उत्पन्न होने वाले नुकसान के लिए उत्तरदायी नहीं होगा.
8. **सुरक्षा का उल्लंघन**: मजबूत साइबर सिक्योरिटी इंफ्रास्ट्रक्चर के उपयोग के बावजूद, बिना इजाज़त घुसपैठ, हैकिंग की कोशिशों या डेटा ब्रीच का जोखिम बना रहता है. ग्राहक यह स्वीकार करते हैं कि ऐक्सिस बैंक ऐसे किसी भी नुकसान या क्षति के लिए उत्तरदायी नहीं होगा, जिसके परिणामस्वरूप सुरक्षा का किसी ऐसे तरीके से उल्लंघन होता है, जो बैंक के उचित नियंत्रण से बाहर हो.
9. **डेटा का उल्लंघन**: ग्राहक यह समझता है कि ऐक्सिस बैंक द्वारा उचित प्रयास किए जाने के बावजूद डेटा का उल्लंघन हो सकता है. ऐसे उल्लंघन से संवेदनशील निजी और वित्तीय जानकारी मिल सकती है, जिससे पहचान की चोरी, वित्तीय धोखाधड़ी और गोपनीयता ज़ाहिर होने के जोखिम हो सकते हैं.
10. **तृतीय पक्ष सेवा प्रदाता**: ऐक्सिस बैंक कुछ सेवाओं के लिए तृतीय-पक्ष सेवा प्रदाताओं को नियुक्त कर सकता है. ग्राहक स्वीकार करता है कि तृतीय-पक्ष सेवा प्रदाताओं पर निर्भरता के कारण तृतीय-पक्ष द्वारा डेटा सुरक्षा के उल्लंघन सहित सेवाओं की विफलता जैसे जोखिम हो सकते हैं. बैंक इन थर्ड-पार्टी इकाइयों द्वारा किसी भी उल्लंघन या विफलता के लिए उत्तरदायी नहीं होगा.
11. **सेवा की अनुपलब्धता**: समय-समय पर, निर्धारित मेंटेनेंस, सिस्टम अपडेट या अप्रत्याशित तकनीकी समस्याओं के कारण मोबाइल बैंकिंग सेवाएं बाधित हो सकती हैं. ग्राहक समझते हैं और यह स्वीकार करते हैं कि ऐक्सिस बैंक को ऐसी अवधि के दौरान किसी भी देरी, बाधा या बैंकिंग सेवाओं को एक्सेस करने में असमर्थता के लिए जवाबदेह नहीं माना जाएगा.
12. **इंटरनेट और दूरसंचार जोखिम**: मोबाइल बैंकिंग सेवाएं काफी हद तक इंटरनेट कनेक्टिविटी और दूरसंचार सेवाओं पर निर्भर करती हैं, जो रुकावटों, खराब कनेक्टिविटी, नेटवर्क मुद्दों और अन्य इंफ्रास्ट्रक्चर सेवाओं की विफलताओं के प्रति संवेदनशील हैं. ग्राहक ने इन जोखिमों को स्वीकार किया है और सहमत है कि ऐसे कारकों के कारण होने वाली बाधाओं के लिए ऐक्सिस बैंक ज़िम्मेदार नहीं है.
13. **नियामक और कानूनी जोखिम**: मोबाइल बैंकिंग नियामक ढांचे, दिशानिर्देशों और अनुपालन आवश्यकताओं में बदलाव के अधीन है. कानून या विनियमों में बदलाव मोबाइल बैंकिंग सेवाओं की कार्यक्षमता, उपलब्धता या सुरक्षा मानकों को प्रभावित कर सकते हैं.

ग्राहक सहमत है कि बैंकिंग सेवाओं के उपयोग में निहित इन या अन्य जोखिमों के परिणामस्वरूप होने वाले किसी भी प्रत्यक्ष, अप्रत्यक्ष, आकस्मिक या परिणामी नुकसान के लिए ऐक्सिस बैंक उत्तरदायी नहीं होगा.

**जोखिमों को कम करने के लिए ग्राहक के दायित्व:**

- मोबाइल एप्लीकेशन और ऑपरेटिंग सिस्टम को नियमित रूप से नए वर्ज़न में अपडेट करें.
- बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण, पासवर्ड और पिन सुरक्षा सहित मोबाइल डिवाइस पर मजबूत सुरक्षा उपायों को सक्षम करें और बनाए रखें.
- बैंकिंग ट्रांज़ैक्शन करने के लिए असुरक्षित पब्लिक वाई-फाई नेटवर्क का उपयोग करने से बचें.
- संदिग्ध या अनधिकृत गतिविधि के लिए नियमित रूप से खाता स्टेटमेंट और ट्रांज़ैक्शन अलर्ट पर निगरानी रखें.
- मोबाइल डिवाइस और/या बैंकिंग क्रेडेंशियल खोने, चोरी होने या किसी अनधिकृत पहुंच की रिपोर्ट तुरंत ऐक्सिस बैंक को करें.
- निजी या वित्तीय जानकारी मांगने वाले अनचाहे संदेशों का जवाब देते समय सावधानी बरतें.
- सुरक्षा बनाए रखने और संवेदनशीलता को कम करने के लिए नियमित रूप से पासवर्ड और एम-पिन बदलें.

**ऐक्सिस बैंक के उपाय:**

- ऐक्सिस बैंक ग्राहक डेटा की सुरक्षा के लिए एन्क्रिप्शन, फायरवॉल, सुरक्षित प्रमाणीकरण विधियों और नियमित सुरक्षा ऑडिट सहित उन्नत सुरक्षा उपायों का उपयोग करता है. इन प्रयासों के बावजूद, ग्राहक स्वीकार करता है कि जोखिमों के खिलाफ पूरी इम्युनिटी सुनिश्चित नहीं की जा सकती है.
- ग्राहक सहमत है कि बैंक द्वारा प्रमाणित गंभीर लापरवाही या जानबूझकर की गई गलती के मामलों को छोड़कर, ऐक्सिस बैंक को ऊपर बताए गए जोखिमों या ऐक्सिस मोबाइल एप्लीकेशन के उपयोग में निहित किन्हीं भी अन्य जोखिमों से उत्पन्न किसी भी प्रत्यक्ष, अप्रत्यक्ष, परिणामी या आकस्मिक नुकसान, क्षति, क्लेम, देयताओं या खर्चों के लिए उत्तरदायी नहीं माना जाएगा.
- ऐक्सिस मोबाइल एप्लीकेशन का उपयोग जारी रखकर, ग्राहक इन जोखिमों, उनके दायित्वों और ऐक्सिस बैंक की देनदारियों की सीमाओं को समझने और स्वीकार करने की पुष्टि करता है.

## सुरक्षित बैंकिंग

**क्या करें और क्या न करें**

- मोबाइल बैंकिंग बैंक, आरबीआई या ऐसे अन्य कोई भी संगठन कभी भी आपको आपकी पर्सनल या बैंकिंग जानकारी मांगने के लिए कॉल नहीं करते, ईमेल या एसएमएस नहीं भेजते हैं. ऐसी धोखाधड़ी का शिकार न बनें.
- किसी भी ऐसे मैसेज/सेंडर द्वारा भेजे गए यूआरएल को फॉलो न करें, जिसे आप नहीं जानते हैं.
- एटीएम कार्ड का उपयोग करने या शाखा में कैश संभालने के लिए अजनबी लोगों की मदद न लें और ट्रांज़ैक्शन करते समय उन्हें आपको खुद को देखने न दें.

- साइबर कैफे/शेयर्ड कंप्यूटर से अपने इंटरनेट बैंकिंग खाते को एक्सेस करने से बचें. अगर आप ऐसा करते हैं, तो अपने कंप्यूटर से अपने पासवर्ड बदलें.
- नियमित रूप से ट्रांज़ैक्शन अलर्ट प्राप्त करने के लिए सुनिश्चित करें कि आपने बैंक के साथ सही मोबाइल नंबर अपडेट किया है.

**सुरक्षित उपयोग के दिशानिर्देश**

- अनजान ग्राहकों को ऐप का एक्सेस न दें.
- हमेशा प्ले स्टोर और ऐप स्टोर जैसे सुरक्षित स्रोतों से एप्लीकेशन डाउनलोड करें.
- 3rd पार्टी से या अज्ञात स्रोतों से एप्लीकेशन डाउनलोड करने से बचना चाहिए.
- कलेक्शन अनुरोध स्वीकार करते समय, सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि सही प्राप्तकर्ता को अप्रूव किया गया है.
- अगर आपका मोबाइल नंबर बदल गया है, तो अपने नए मोबाइल नंबर के बारे में बैंक को सूचित करना न भूलें, ताकि आपको एसएमएस नोटिफिकेशन प्राप्त होते रहें.
- ज्ञात या अज्ञात स्रोतों से कॉलर ट्यून्स, डायलर ट्यून्स जैसे ऑफर स्वीकार करते समय या ईमेल अथवा अटैचमेंट खोलते/डाउनलोड करते समय सावधान रहें.
- अपने फोन/कंप्यूटर पर क्रेडिट कार्ड का विवरण, मोबाइल बैंकिंग पासवर्ड, ग्राहक आईडी आदि जैसी संवेदनशील जानकारी स्टोर न करें.
- अपना पिन नियमित रूप से बदलते रहें.
- सार्वजनिक स्थानों पर ब्लूटूथ का उपयोग करते समय सावधानी बरतें, क्योंकि आपके गोपनीय डेटा/जानकारी को कोई भी एक्सेस कर सकता है.
- ईमेल/सोशल नेटवर्किंग साइट में दिए गए ऐसे लिंक पर क्लिक न करें, जिनमें बैंक से होने का दावा किया गया हो

**जोखिम और ग्राहक की जिम्मेदारी**

- बैंक ग्राहक द्वारा प्रदान किए गए ग्राहक के मोबाइल नंबर और/या ईमेल एड्रेस पर अलर्ट और खाते से संबंधित जानकारी भेजेगा. यह सुनिश्चित करना ग्राहक की एकमात्र ज़िम्मेदारी है कि बैंक को प्रदान किया गया मोबाइल नंबर और ईमेल एड्रेस सही है और बैंक के रिकॉर्ड में अपडेट रखा गया है.
- ग्राहक अपने मोबाइल डिवाइस और ईमेल खाते की सुरक्षा के लिए पूरी तरह से ज़िम्मेदार है. ग्राहक की ओर से ऐसी संपर्क जानकारी की सटीकता या सुरक्षा बनाए रखने में या किसी भी बदलाव के बारे में बैंक को सूचित करने में कोई भी विफलता, ग्राहक के एकमात्र जोखिम और देयता पर होगी. इस सुविधा का लाभ उठाना जारी रखने के लिए ग्राहक यह भी सुनिश्चित करेंगे कि उनका मोबाइल फोन और ईमेल आईडी ऐक्टिव रहे.

- ग्राहक स्पष्ट रूप से स्वीकार करता है और मानता है कि मोबाइल फोन और/या ईमेल के माध्यम से जानकारी का ट्रांसमिशन स्वाभाविक रूप से असुरक्षित है और कुछ जोखिमों के अधीन है. ऐसे जोखिमों के बावजूद, ग्राहक ने अपनी सुविधा के लिए और ऐसे जोखिमों के सावधानीपूर्वक मूल्यांकन के बाद, स्वैच्छिक रूप से अनुरोध किया है और बैंक को इन चैनलों के माध्यम से प्राप्त निर्देशों या संचार पर कार्यवाही करने के लिए अधिकृत किया है.
- ग्राहक जहां भी आवश्यक हो, शुद्ध, पूर्ण और सही जानकारी प्रदान करने का वचन देता है, और हर समय बैंक को सबमिट किए गए डेटा की सटीकता के लिए पूरी तरह से उत्तरदायी रहेगा. ग्राहक द्वारा प्रदान की गई गलत या भ्रामक जानकारी के कारण होने वाले किसी भी परिणाम के लिए बैंक को ज़िम्मेदार नहीं ठहराया जाएगा.
- अगर ग्राहक को लगता है कि बैंक द्वारा बताई गई जानकारी में कोई त्रुटि है, तो ग्राहक तुरंत बैंक को सूचित करेंगे. बैंक, सर्वश्रेष्ठ प्रयास के आधार पर, अगर संभव हो, त्रुटि को सुधारने का प्रयास करेगा.
- ग्राहक को उस मोबाइल नंबर और/या ईमेल एड्रेस में किसी भी बदलाव के बारे बिना देर किए बैंक को सूचित करना होगा, जिस पर वे अलर्ट या मोबाइल बैंकिंग सेवाएं प्राप्त करना चाहते हैं.
- खाते से संबंधित सभी ट्रांज़ैक्शन आगे भी लागू बैंकिंग प्रथाओं और ग्राहक के खाते और संबंधित सेवाओं को नियंत्रित करने वाले प्रचलित नियमों, विनियमों और शर्तों द्वारा नियंत्रित किए जाएंगे. इसके अलावा, फोन बैंकिंग और नेट बैंकिंग सेवाओं से संबंधित नियम और शर्तें, प्रासंगिक सीमा तक, मोबाइल बैंकिंग/अलर्ट सुविधा पर भी लागू होंगी.
- ग्राहक केवल बैंक द्वारा निर्धारित पात्रता के अधीन, मोबाइल बैंकिंग/अलर्ट सुविधा के एक्सेस का अनुरोध कर सकते हैं. ग्राहक यह भी निर्धारित कर सकते हैं कि किस प्रकार की घटनाओं पर उन्हें एलर्ट भेजे जाएं, और यह सुविधा समय-समय पर बैंक द्वारा निर्धारित या उपलब्ध कराए गए तरीके से दी जाएगी. बैंक अपने विवेकाधिकार पर और बिना कोई कारण बताए ऐसे किसी भी एप्लीकेशन को अस्वीकार करने का पूर्ण अधिकार सुरक्षित रखता है.

## लाभ और सुविधाएं

### प्री-लॉग-इन सुविधाएं

### रीचार्ज

- विशेष रूप से ऑपरेटिंग सिस्टम पर चलने वाले डिवाइस के लिए बनाया गया है, जैसे  iOS और एंड्रॉयड, ग्राहक के लिए अब वास्तव में लॉग-इन किए बिना ग्राहक की कॉन्टैक्ट लिस्ट से चुनिंदा रूप से किसी भी कॉन्टैक्ट नंबर को रीचार्ज करने की सुविधा प्रदान की गई है. \बस अपने

मोबाइल की कॉन्टैक्ट लिस्ट में से कोई मोबाइल नंबर चुनें या आप जिस मोबाइल नंबर को रीचार्ज करवाना चाहते हैं वह दर्ज करें. रीचार्ज राशि दर्ज करें, अपने एमपिन से कन्फर्म करें और बस हो गया!

**नियर मी**

'नियर मी' ट्रेंड बहुत लोकप्रिय हो रहा है. ऐक्सिस बैंक का 'ओपन' ऐप कुछ ही क्लिक्स में आपकी मेहनत को कम कर देता है. बेहद आसानी से! ऐक्सिस बैंक के ओपन ऐप के बैक एंड पर पहले से ही ऑगमेंटेड रियलिटी की नवीनतम और ट्रेंडिंग टेक्नोलॉजी लागू कर दी गई है. ऐक्सिस बैंक के ओपन ऐप में ऑगमेंटेड रियलिटी से आपको अपने फोन पर कैमरे का उपयोग करके होम लोन के लिए बैंक द्वारा प्री-अप्रूव्ड डाइनिंग ऑफर, एटीएम, शाखाओं और यहां तक कि प्रॉपर्टी तलाशने की सुविधा मिलती है (5 किमी की रेडियस के भीतर आने वाले सभी). इस सुविधा का उपयोग करने के लिए ग्राहक को निम्न चरणों का पालन करना चाहिए:

- प्री-लॉग-इन स्क्रीन में बॉटम मेनू से नियर-मी चुनें
- सुनिश्चित करें कि नियर मी विकल्प के ऊपरी बाएं कोने में चेक का निशान लगाया गया हो
- अब बैंक की वे सेवाएं चुनें जो आप खोज रहे हैं
- स्क्रीन के ऊपर बाईं ओर बाइनोक्यूलर आइकन को प्रेस करें
- विकल्पों से एआर व्यू चुनें
- इससे ऐक्सिस बैंक के ओपन ऐप का ऑगमेंटेड रियलिटी फीचर शुरू हो जाएगा

इसके अलावा, आप अपनी खोज का दायरा घटा-बढ़ा सकते हैं और अपने आस-पास सेवाएं प्रदान करने वाली सभी लोकेशन देखने के लिए अपने फोन को 360 तक डिग्री घुमा सकते हैं. सभी स्थानों को एक साथ देखने के लिए आप बर्ड आई व्यू( ऊपर से पूरा एरिया देखना) का भी इस्तेमाल कर सकते हैं.

आप लोकेशन चुनकर या जीपीएस आधारित सुविधा दोनों का उपयोग करके इन्हें खोज सकते हैं.

ध्यान दें: इस सुविधा के लिए आपको अपने फोन पर गोपनीयता सेटिंग के तहत लोकेशन सेवाओं को एक्टिवेट करना होगा.

- डाइनिंग डिलाइट्स:
  - ऐक्सिस बैंक डाइनिंग डिलाइट्स के साथ अपने शहर में नए कुज़ीन और फ्लेवर खोजें. न्यूनतम 15% की छूट का लाभ उठाने के लिए बस अपने ऐक्सिस बैंक कार्ड का उपयोग हमारे पार्टनर रेस्टोरेंट्स में करें, जो बहुत सारे शहरों में मौजूद हैं.
- एज रिवार्ड्स के साथ भुगतान करें:
  - शानदार ऑफर्स के साथ अपने एज रिवॉर्ड पॉइंट रिडीम करें.

- प्री-अप्रूव्ड प्रॉपर्टीज़:
    - होम लोन के लिए ऐक्सिस बैंक द्वारा प्री-अप्रूव्ड सभी प्रॉपर्टीज़ देखें.
- संडे ब्रंच:
    - चाहे कोई खास अवसर हो या सुस्त रविवार की सुखद शुरुआत, हफ्ता भर व्यस्त रहने के बाद आराम पाने के लिए या सेलीब्रेशन के लिए ब्रंच एक परफेक्ट मील है. ऐक्सिस बैंक डाइनिंग डिलाइट्स मुंबई और दिल्ली के प्रमुख रेस्टोरेंट में रविवार ब्रंच पर 15%* की छूट प्रदान करता है. विशेष छूट का लाभ उठाने के लिए पार्टनर रेस्टोरेंट में बस अपने ऐक्सिस बैंक क्रेडिट या डेबिट कार्ड का उपयोग करें.

**प्रॉपर्टी ढूंढें**

प्रॉपर्टी सर्च के साथ एक ही जगह पर प्रॉपर्टी, प्रोजेक्ट खोजें और लोन के लिए अप्लाई करें.

**ऑफर**

क्रेडिट कार्ड, इंटरनेट बैंकिंग और डेबिट कार्ड के उपयोग पर विभिन्न मर्चेंट से मिलने वाले आकर्षक ऐक्सिस बैंक ऑफर्स पर नज़र रखें.

**अभी अप्लाई करें**

फॉर्म भरकर किसी भी ऐक्सिस बैंक प्रोडक्ट (बचत खाता, क्रेडिट कार्ड और लोन) के लिए आसानी से अप्लाई करें

**बिल पे**

प्री-लॉग-इन सेक्शन में बिल भुगतान को जोड़ने से चुने गए बिलर्स को आसान एक्सेस मिलता है. बिलर को रजिस्टर किए बिना तुरंत बिल का भुगतान करें. बस कैटेगरी, ऑपरेटर, यूनीक रेफरेंस आईडी और राशि दर्ज करें और बिल का भुगतान हो जाता है.

**स्कैन करें और भुगतान करें**

भारत क्यूआर का उपयोग करके मर्चेंट आउटलेट और बिलों पर क्यूआर कोड स्कैन करके या यूपीआई क्यूआर स्कैन करके भुगतान करें. क्रेडिट या डेबिट कार्ड ले जाने या इंटरनेट बैंकिंग में लॉग-इन करने की आवश्यकता नहीं है.

**लॉग-इन के बाद की सुविधाएं**

**खाते**

- अपना खाता बैलेंस देखें
- मिनी स्टेटमेंट देखें (पिछले 10 ट्रांज़ैक्शन)

- विस्तृत खाता स्टेटमेंट देखें (90 दिनों तक का
- ईमेल अकाउंट स्टेटमेंट (12 महीनों तक)
- फोटो और उपनामों के साथ खाते को पर्सनलाइज़ करें

**क्रेडिट कार्ड**

- बकाया बैलेंस देखें
- बिल न किए गए ट्रांज़ैक्शन देखें
- मौजूदा स्टेटमेंट देखें
- पिछले स्टेटमेंट देखें
- क्रेडिट कार्ड के बिल का तुरंत भुगतान करें
- क्रेडिट कार्ड बिल का भुगतान शिड्यूल करें
- 2500 से अधिक के ट्रांज़ैक्शन को ईएमआई में बदलें
- ई-स्टेटमेंट ऐक्टिवेशन
- अपने क्रेडिट कार्ड पर लिमिट में हुई वृद्धि देखें
- नए क्रेडिट कार्ड के लिए अप्लाई करें
- ब्लॉक करें और बदलें, पिन और ऑटो डेबिट भुगतान को सेट और रीसेट करें

**यूपीआई**

- अपनी यूनीक यूपीआई आईडी बनाएं और ट्रांज़ैक्शन करने के लिए अन्य लोगों के साथ शेयर करें
- अपनी यूपीआई आईडी के साथ कई बैंक खाते लिंक करें
- अपने मर्चेंट के आउटलेट और स्टोर पर तुरंत पैसे स्कैन करें और भुगतान करें
- छुट्टियों सहित 24*7 उपलब्धता
- कोई ट्रांज़ैक्शन लागत नहीं
- ट्रांज़ैक्शन विवरण को ट्रैक करें
- ऐक्सिस बैंक के ओपन ऐप के ग्राहक ऐक्सिस बैंक के ओपन ऐप के यूपीआई विकल्प पर किसी भी बैंक खाते को लिंक कर सकते हैं
    - पैसे भेजें
    - पैसे का अनुरोध करें
    - यूपीआई ट्रांज़ैक्शन विवरण देखें
    - यूपीआई का उपयोग करके स्कैन करें और भुगतान करें
    - यूपीआई क्यूआर कोड उत्पन्न करें
    - यूपीआई क्वेरी दर्ज करें

**बिलों का भुगतान करें**

- नियमित बिल प्रस्तुत करने के लिए बिलर्स जोड़ें
- बिल देखें और बिल का भुगतान करें या बिलर द्वारा अनुमत किसी भी राशि का सीधा भुगतान

करें

- अपने बिल शिड्यूल करें और उन्हें कैलेंडर पर देखें (ऐप में)
- एक निर्धारित लिमिट के लिए ऑटोपे सेटल करके ऑटोमैटिक रूप से बिल का भुगतान करें

**पसंदीदा**

- अपने 10 अक्सर किए जाने वाले ट्रांज़ैक्शन्स को फेवरेट के रूप में सेट करें और एक क्लिक में भुगतान करें.

**एफडी/आरडी**

- ऐप से फिक्स्ड डिपॉज़िट खाता और रिकरिंग डिपॉज़िट खाता खोलें. ऐप से ही डिपॉज़िट राशि, डिपॉज़िट अवधि और देय ब्याज का प्रकार चुनें.

**लोन**

- लिए गए सभी लोन देखें.
- कुल बकाया लोन राशि देखें.
- नए लोन के लिए अप्लाई करें.
- विवरण के लिए अनुरोध करें.
- आरओआई की हिस्ट्री

**म्यूचुअल फंड**

- कुल निवेश बैलेंस देखें
- निवेश की वर्तमान वैल्यू चेक करें
- निवेश पर लाभ/हानि को ट्रैक करें

**डीमैट**

- ओपन बाय ऐक्सिस बैंक ऐप पर अपने निवेश को ट्रैक करें.
- डीमैट सारांश देखें
- मेनू से सभी होल्डिंग, डीमैट स्टेटमेंट चेक करें और नई डीआईएस बुक के लिए अनुरोध करें.

**फॉरेक्स कार्ड**

- मल्टी और सिंगल करेंसी फॉरेक्स कार्ड स्टेटमेंट चेक करें
- ग्राहक सभी करेंसी के लिए अपना उपलब्ध बैलेंस और कार्ड के लिए ट्रांज़ैक्शन हिस्ट्री को चेक कर सकते हैं.
- ग्राहक अपने लिए जारी किए गए कार्ड में फंड डाल सकता है और उसे ब्लॉक कर सकता है. मल्टी-करेंसी कार्ड ग्राहक, मेडिकल, शिक्षा या यात्रा से संबंधित अन्य समस्याओं के लिए 16 करेंसी (USD, EUR, GBP, SGD, AUD, CAD, SEK, JPY, CHF, AED, SAR, THB, HKD, NZD और ZAR) में से किसी का भी उपयोग करके कार्ड में फंड डाल सकता है.

**ऐक्सिस ऐक्टिव**

- 6 महीने के GOQii Life प्लान और फिटनेस ट्रैकिंग के साथ कॉन्टैक्टलेस भुगतान के लिए ऐक्सिस ऐक्टिव बैंक खरीदें.
- फिटनेस लक्ष्यों को पूरा करने के लिए ऐक्सिस एज रिवॉर्ड पाएं.

**रिवॉर्ड प्वाइंट्स**

- अपने रिवॉर्ड पॉइंट का बैलेंस देखें और रिडीम करें
- अपने पॉइंट को किसी अन्य बैंक खाता में ट्रांसफर करें
- रिवॉर्ड स्टोर का लाभ उठाएं और सीधे रीचार्ज और बुकिंग करें

**अभी अप्लाई करें**

- एक नया बचत बैंक खाता खोलें (चुनिंदा शहरों में उपलब्ध)
- नए क्रेडिट कार्ड, पर्सनल लोन, कार लोन, होम लोन या गोल्ड लोन के लिए अप्लाई करें
- सभी प्री-अप्रूव्ड ऑफर देखें
- किसी भी ऐक्सिस बैंक शाखा में लॉकर बुक करें, जो चुनी गई शाखा में लॉकर की उपलब्धता के अधीन है
- प्री-अप्रूव्ड ऑफर

**सेटिंग्स**

- ट्रांज़ैक्शन की लिमिट देखें और बदलें.
- एमपिन बदलें
- ओपन बाय ऐक्सिस बैंक से डी-रजिस्टर करें
- खाता रीफ्रेश करें
- iOS ग्राहकों के लिए टच आईडी/फेस आईडी; एंड्रॉयड ग्राहकों के लिए फिंगरप्रिंट बायोमेट्रिक

**सेवाएं**

- नई चेक बुक के लिए अनुरोध करें
- जारी किए गए चेक का स्टेटस देखें
- जारी किया गया चेक रोकें
- ई-स्टेटमेंट के लिए ईमेल आईडी रजिस्टर करें
- ई-स्टेटमेंट के लिए ईमेल आईडी अपडेट करें
- हाल ही के अनुरोध देखें
- ऐक्सिस वॉच ( iOS ग्राहकों के लिए लागू)
- ईमेल आईडी अपडेट करें (I)

- पैन अपडेट करें (I)
- पत्र व्यवहार का पता अपडेट करें (I)
- स्थायी पता अपडेट करें (I)
- केवाईसी विवरण कन्फर्म करें (I)
- नाम अपडेट करें (I)
- जन्मतिथि अपडेट करें (I)
- आधार के माध्यम से पता अपडेट करें (I)
- नियोक्ता का नाम अपडेट करें (I)
- आधार कार्ड लिंक करें (I)
- फॉर्म 15G/H सबमिट करें (I)
- खाता ट्रांसफर (I)
- फॉर्म 60 (I)
- *पासपोर्ट अपडेट करें (एनआरआई) (I)
- *वीज़ा अपडेट करें (एनआरआई) (I)
- लोन बंद करने के लिए नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट (I)
- आधार कार्ड अपडेट करें
- निष्क्रिय खाते को ऐक्टिवेट करें

**बचत/चालू खाता**

- बैंक खाते का विवरण एक्सेस करें
- एसए/सीए के साथ रजिस्टर्ड ईमेल आईडी अपडेट करें
- ई-स्टेटमेंट के लिए रजिस्टर करें
- नई चेक बुक के लिए अनुरोध करें
- जारी किए गए चेक का स्टेटस देखें
- जारी किया गया चेक रोकें
- अपना एमएमआईडी चेक करें
- पी2एम आईएमपीएस ट्रांज़ैक्शन के लिए ओटीपी जनरेट करें
- हाल ही के अनुरोध देखें

**क्रेडिट कार्ड**

- क्रेडिट कार्ड के लिए अप्लाई करें
- क्रेडिट कार्ड के लिए अप्लाई करें
- कार्ड ब्लॉक करें और बदलें
- लिमिट बढ़ाने के लिए चेक करें
- जिन ट्रांज़ैक्शन की बिलिंग नहीं की गई है या मौजूदा बिल को ईएमआई में बदलें

- ई-स्टेटमेंट ऐक्टिवेशन
- क्रेडिट कार्ड पर तुरंत लोन
- क्रेडिट कार्ड पिन सेट/रीसेट करें

**डेबिट कार्ड**

- किसी भी दुरुपयोग को रोकने के लिए डेबिट कार्ड को ब्लॉक करें
- अपने डेबिट कार्ड पर एटीएम और खरीद की सीमा को बदलें
- डेबिट कार्ड पिन सेट/रीसेट करें
- सभी डेबिट कार्ड ट्रांज़ैक्शन रोकने के लिए डेबिट कार्ड ऑन/ऑफ करें
- डेबिट कार्ड अपग्रेड करें

**मेरे विशेषाधिकार**

- यह सेक्शन प्रेस्टीज, प्रायोरिटी और बरगंडी ग्राहकों के लिए उपलब्ध है. यहां, ग्राहक अपने खाता के लिए विशिष्ट अधिकार/ऑफर/विशेषाधिकार देख सकते हैं.

**आईएमपीएस**

- इमीडिएट पेमेंट सर्विस रियल-टाइम ट्रांज़ैक्शन के लिए डिज़ाइन किया गया एक सुरक्षित और कुशल सिस्टम है.

**एनईएफटी**

- नेशनल इलेक्ट्रॉनिक फंड ट्रांसफर सिस्टम, व्यापक रूप से उपयोग किया जाने वाला एक सिस्टम है जो फंड ट्रांसफर करने में सक्षम बनाता है. एनईएफटी की कोई न्यूनतम या अधिकतम सीमा नहीं है.

**आरटीजीएस**

- रियलटाइम ग्रॉस सेटलमेंट, बड़ी राशि को तुरंत और आसानी से सुरक्षित तरीके से ट्रांसफर करने की सुविधा देता है. आरटीजीएस में न्यूनतम एफटी राशि ₹ 2 लाख है.

**भुगतान रोकने के निर्देश**

ग्राहक द्वारा ट्रांज़ैक्शन को अधिकृत करने और शुरू किए जाने के बाद, इसे अंतिम, अपरिवर्तनीय और रद्द न किए जाने योग्य माना जाएगा. बैंक किसी भी परिस्थिति में ऐसे ट्रांज़ैक्शन के भुगतान को बंद करने, वापस करने या संशोधन करने के किसी भी अनुरोध को स्वीकार नहीं करेगा. अधिकृत करने से पहले, सभी ट्रांज़ैक्शन विवरण के सही और पूरे होने को सुनिश्चित करना ग्राहक की पूरी ज़िम्मेदारी है, जिसमें लाभार्थी का खाता नंबर भी शामिल है, लेकिन इन्हीं तक सीमित नहीं है. ग्राहक की दी गई

जानकारी में गलतियां या कमियां होने पर होने वाले किसी भी नुकसान, क्षति या नतीजे के लिए बैंक ज़िम्मेदार नहीं होगा

**स्टॉप चेक्स**

"ग्राहक बैंक के डिजिटल चैनल के माध्यम से संबंधित चेक नंबर दर्ज करके 'स्टॉप चेक' का अनुरोध शुरू करता है. सबमिट करने पर, चेक का स्टेटस सिस्टम में ऑटोमैटिक रूप से सत्यापित हो जाता है. अगर चेक की पहचान 'अप्रयुक्त' के रूप में की गई है, तो 'स्टॉप चेक' का अनुरोध प्रोसेसिंग के लिए बैकएंड सिस्टम में ट्रांसमिट कर दिया जाता है, और ट्रांज़ैक्शन के लिए एक रेफरेंस नंबर जनरेट हो जाता है.

अनुरोध सफलतापूर्वक जमा होने के समय से ही चेक तुरंत प्रभाव से रोक दिया जाता है

**स्टॉप एसआईपी**

ग्राहक समय-समय पर संशोधित लागू नियमों, शर्तों, प्रोडक्ट के दिशानिर्देशों और नियामक आवश्यकताओं के अधीन ऐक्सिस बैंक के इंटरनेट बैंकिंग ("आईबी") और मोबाइल बैंकिंग ("एमबी") प्लेटफॉर्म के माध्यम से एसआईपी (सिस्टमेटिक निवेश प्लान) सुविधा का लाभ उठा सकते हैं.

'स्टॉप एसआईपी' अनुरोध संबंधित डिजिटल बैंकिंग प्लेटफॉर्म में उपलब्ध संबंधित एसआईपी सेक्शन/निवेश-सेवाओं को एक्सेस करके किया जा सकता है.

ग्राहक सक्रिय एसआईपी को बंद करने या रोकने के लिए ओटीपी सत्यापन के साथ अनुरोध जमा कर सकते हैं, इसके लिए उन्हें स्क्रीन दिखाए गए स्कीम के नाम, एसआईपी रेफरेंस और/या मैंडेट आदि सहित आवश्यक एसआईपी विवरणों चेक करना होगा, जो इन्हीं तक सीमित नहीं हैं.

सफलतापूर्वक जमा होने पर, 'स्टॉप एसआईपी' अनुरोध जमा हो गया है और विवरणों को आगे की प्रक्रिया के लिए एएमसी/आरटीए को फॉरवर्ड कर दिया गया है, जिसमें 2-3 कार्य दिवस लग सकते हैं.

बैंक और/या संबंधित एसेट मैनेजमेंट कंपनी ("एएमसी")/संबंधित मध्यस्थ द्वारा इस अनुरोध को लागू -समय सीमा, सत्यापन जांच और इसे नियंत्रित करने वाले नियमों के अनुसार प्रोसेस किया जाएगा. 'एसआईपी को सफलतापूर्वक बंद किया जाना' संबंधित एएमसी/मध्यस्थ द्वारा अनुरोध प्राप्त होने, सत्यापन और पुष्टिकरण पर निर्भर करेगा.

स्टॉप एसआईपी अनुरोध के सफलतापूर्वक प्रोसेस और पुष्टि होने से पहले अगर कोई एसआईपी किश्त प्रोसेस हो जाती है या काट ली जाती है तो ऐक्सिस बैंक इसके लिए उत्तरदायी नहीं होगा. बैंक लागू

प्रोसेसिंग समय या लागू-समय सीमा के दौरान आने वाली एसआईपी किश्तों के रुकने की गारंटी नहीं देता है और साथ ही एएमसी या भुगतान मध्यस्थों सहित थर्ड-पार्टी इकाइयों के कारण होने वाली किसी भी देरी की ज़िम्मेदारी भी नहीं लेता है.

ऐक्सिस बैंक लागू कानूनों, विनियमों और इंटरनल पॉलिसी के अनुसार किसी भी 'स्टॉप एसआईपी' अनुरोध को स्वीकार करने, अस्वीकार करने या निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रखता है.

**अनुलग्नक "क"**

**डिजिटल कंटेंट सबमिशन पॉलिसी और दिशानिर्देश**

1. ग्राहक यह बताता है और गारंटी देता है कि, उसे किसी भी या सभी डिजिटल कंटेंट को इस्तेमाल करने का अधिकार है और उसके पास मान्य लाइसेंस है और उसमें मौजूद सभी बौद्धिक संपदा अधिकार ग्राहक के पास हैं.
2. ग्राहक द्वारा यह सहमति दी जाती है, कन्फर्म किया जाता है, और आगे यह घोषणा की जाती है एवं आश्वासन दिया जाता है कि ग्राहक के पास ऐक्सिस बैंक (इसके एजेंट, सहयोगी और सेवा प्रदाताओं सहित) को एक अपरिवर्तनीय, गैर-हस्तांतरणीय, गैर-विशिष्ट, रॉयल्टी-फ्री, विश्वव्यापी अधिकार प्रदान करने का पर्याप्त अधिकार और शक्ति है. यह अधिकार किसी भी डिजिटल सामग्री या उसके किसी भी हिस्से का उस हद उपयोग करने, संशोधित करने, प्रिंट/एम्बॉस करने, कॉपी करने, संग्रहीत करने और पुनरुत्पादित करने के लिए होगा, जिसे ग्राहक द्वारा उपयोग/अपलोड किया जाता है, जिस हद तक ऐक्सिस बैंक के लिए ग्राहक को ऐक्सिस बैंक मोबाइल एप्लीकेशन के माध्यम से सेवाएं और/या सुविधाएं प्रदान करने के लिए आवश्यक हो.
3. ग्राहक कन्फर्म करता है कि उनके द्वारा उपयोग/अपलोड की गई डिजिटल सामग्री में निहित सभी बौद्धिक संपदा अधिकारों के लिए उसके पास स्वामित्व/लाइसेंस है और आगे इसे बनाए रखने के लिए प्रतिनिधित्व करता है. ऐक्सिस बैंक समझता है कि डिजिटल सामग्री में निहित बौद्धिक संपदा अधिकारों का स्वामित्व/लाइसेंस ग्राहक के पास है और ऐक्सिस बैंक उक्त स्वामित्व/लाइसेंस प्राप्त डिजिटल सामग्री पर कोई अधिकार, हित, टाइटल का दावा नहीं करेगा.
4. ग्राहक यह भी बताता है कि, इन शर्तों के अनुसार ग्राहक द्वारा अधिकृत, ऐक्सिस बैंक (जिसमें उसके एजेंट, सहयोगी और सेवा प्रदाता शामिल हैं) के डिजिटल कंटेंट का इस्तेमाल किसी भी तृतीय पक्ष/पक्षों के बौद्धिक संपदा अधिकार और/या किसी भी मौजूदा कानून, नियम या विनियम का उल्लंघन नहीं करेगा.
5. ऐक्सिस मोबाइल एप्लीकेशन का उपयोग करके किसी भी सेवा का लाभ उठाते समय डिजिटल सामग्री के उपयोग/अपलोड करने के लिए ग्राहक पूरी तरह से ज़िम्मेदार होगा. ऐक्सिस बैंक ग्राहक के अनुरोध पर सेवाओं का लाभ उठाने की अनुमति दे रहा है लेकिन ऐक्सिस बैंक ग्राहक द्वारा डिजिटल सामग्री के किसी भी उपयोग के लिए किसी भी तरह से उत्तरदायी या जवाबदेह नहीं होगा.
6. ग्राहक सहमत है और कन्फर्म करता है कि, ग्राहक द्वारा उपयोग/सबमिट की गई डिजिटल सामग्री के संबंध में ग्राहक और किसी भी तृतीय पक्ष के बीच उत्पन्न होने वाला कोई भी क्लेम या विवाद, ग्राहक और उस तृतीय पक्ष के बीच सुलझाया जाएगा, ऐसे किसी भी क्लेम या विवाद के संबंध में ऐक्सिस बैंक को किसी भी तरह का रेफरेंस नहीं दिया जाएगा. ऐक्सिस बैंक को इस संबंध में ग्राहक या किसी तृतीय पक्ष को हुए किसी भी नुकसान/क्षति/हानि के लिए उत्तरदायी नहीं ठहराया जाएगा और ऐक्सिस बैंक के साथ उसके डायरेक्टर्स और कर्मचारियों, प्रतिनिधियों, एजेंट

और/या सहयोगियों को इससे क्षतिपूर्ति से सुरक्षित और हानिरहित रखा जाएगा.

7. उक्त ऐक्सिस मोबाइल एप्लीकेशन पर ग्राहक द्वारा अपलोड की गई डिजिटल सामग्री, किसी भी स्पायवेयर, मालवेयर, वायरस, त्रुटि या किसी अन्य ऐसे कंटेट से मुक्त होना चाहिए, जो ऐक्सिस मोबाइल एप्लीकेशन और/या ऐक्सिस बैंक या इसके सहयोगी, सेवा प्रदाताओं के किसी भी सिस्टम, सॉफ्टवेयर, सर्वर आदि के लिए हानिकारक है.

**डिजिटल कंटेंट के उपयोग के लिए नियम व शर्तें**

किसी भी ऐसे डिजिटल कंटेंट की अनुमति नहीं दी जाएगी, जिनमें निम्नलिखित में से कुछ हो

1. ट्रेडमार्क या कॉपीराइट कंटेंट, जो प्रसिद्ध या जाना-पहचाना है, जिसमें ©, ® या ™ संकेतों सहित कोई भी डिजिटल कंटेट या उसके अंश, विज्ञापन, प्रमोशनल कंटेट सहित विशिष्ट ब्रांड के प्रोडक्ट की फोटो/ऑडियो-विज़ुअल और टेलीफोन नंबर, यूआरएल, खाता नंबर या ईमेल एड्रेस वाले सभी कंटेंट शामिल हैं;
2. सेलिब्रिटी/संगीतकार/एथलीट/एंटरटेनर/पब्लिक फिगर/कार्टून कैरेक्टर आदि की कोई भी फोटो/ऑडियो-विज़ुअल, जिन्हें लोग आसानी से पहचानते हों;
3. कोई भी डिजिटल कंटेट जिसमें नकली, अश्लील, हिंसक, पोर्नोग्राफिक, अश्लील या यौन तस्वीरें/ऑडियो/ऑडियो-विज़ुअल शामिल हैं, जिनमें नग्नता, आपत्तिजनक और/या जातिवादी कंटेंट और ऐसे कोई भी फोटो/ऑडियो/ऑडियो-विज़ुअल शामिल हैं जिनमें हथियार, हिंसा या गोली या बंदूक दिखाए गए हैं.
4. ऐसा कोई भी फोटो/ऑडियो/ऑडियो-विज़ुअल, जिसके सांप्रदायिक, असामाजिक या अश्लील व्यवहार को प्रोत्साहित करने या बढ़ाने की कोई संभावना हो .
5. कोई भी फोटो/ऑडियो/ऑडियो-विज़ुअल जिसमें लोगों को नशा लेते, धूम्रपान करते, ड्रग्स लेते /या जुआ खेलते या इसी प्रकार की गतिविधि करते दिखाया गया हो.
6. कोई भी तस्वीर/ऑडियो/ऑडियो-विज़ुअल, जो धार्मिक या राजनीतिक सोच और विश्वास को भड़काते हैं, जिसमें ऐसी कोई भी चीज़ शामिल है, जो कानून द्वारा प्रतिबंधित ग्रुप/ जिनके विचारों से समाज में अशांति, असामाजिक गड़बड़ी फैल सकती है या राजनीतिक या धार्मिक बयान और/या टेक्स्ट या तस्वीरें दिखाई गई हों
7. ऐसी कोई भी फोटो/ऑडियो/ऑडियो-विज़ुअल, जिसमें किसी भी इस प्रकार की विषय वस्तु है जिसके परिणामस्वरूप ऐक्सिस मोबाइल एप्लीकेशन के संबंध में भ्रम हो सकता है या जिसके परिणामस्वरूप उक्त ऐक्सिस मोबाइल एप्लीकेशन के उपयोग से ट्रांज़ैक्शन संबंधी धोखाधड़ी हो सकती है.
8. कोई भी फोटो/ऑडियो/ऑडियो-विज़ुअल जो साफ तौर पर दिखाई या सुनाई न दे रही हो या मास्टर कार्ड® या वीज़ा® या किसी अन्य भुगतान नेटवर्क ब्रांड/गेटवे को नुकसान पहुंचा सकते हों.

9. कोई भी फोटो/ऑडियो/ऑडियो-विज़ुअल जहां पैसे या करेंसी प्रमुख रूप से दिखाई/प्रदर्शित की गई हो.
10. ओलंपिक गेम्स ट्रेड के नाम, लोगो, स्लोगन या किसी भी कार्ड प्रोसेसिंग एसोसिएशन की पहचान करने वाले किसी अन्य रेफरेंस के बारे में कोई भी रेफरेंस (जैसे. वीज़ा, मास्टर कार्ड, अमेरिकन एक्सप्रेस आदि.).
11. कोई भी फोटो/ऑडियो/ऑडियो-विज़ुअल जिसमें अपशब्दों का प्रयोग किया हो या अश्लीलता हो, जिसमें ऐक्सिस बैंक, ऐक्सिस बैंक का लोगो, या ऐक्सिस बैंक कार्ड, ब्रांड नाम, ट्रेडमार्क, वगैरह को गलत तरीके से दिखाया गया हो.
12. कोई भी फोटो/ऑडियो/ऑडियो-विज़ुअल, जिसमें किसी अन्य बैंकिंग या वित्तीय संस्थान के नाम, ब्रांड, प्रोडक्ट, सेवाएं या फोटो दिखाए गए हों.
13. कोई भी फोटो/ऑडियो/ऑडियो-विज़ुअल जिसमें कोई भी प्रतीक, झंडे, निशान, नाम, लोगो या भारत के संविधान या किसी अन्य सरकारी निकाय से संबंधित कोई भी कंटेंट हो.

**अनुलग्नक "ख"**

डॉक्यूमेंट में बताई गई पॉलिसी के लिंक. नियम और शर्तों का कोई भी हिस्सा, जो इस डॉक्यूमेंट में नहीं है, लेकिन नीचे दिए गए किसी दूसरे डॉक्यूमेंट में है, वह भी इस डॉक्यूमेंट का हिस्सा है.

- ऐक्सिस बैंक नेट बैंकिंग के नियम व शर्तें - https://www.axis.bank.in/bank-smart/internet-banking/terms-conditions
- ऐक्सिस बैंक ग्राहक अधिकार पॉलिसी - https://www.axis.bank.in/docs/default-source/default-document-library/customer-rights-policy.pdf
- ऐक्सिस बैंक बचत खाता नियम और शर्तें - https://www.axis.bank.in/docs/default-source/default-document-library/savings-accounts-tnc.pdf?sfvrsn=9a8eb1a3_5
- ऐक्सिस बैंक हेल्पडेस्क और शिकायत निवारण पॉलिसी नियम और शर्तें - https://www.axis.bank.in/docs/default-source/default-document-library/grievance-redressal/grievance-redressal-policy.pdf?sfvrsn=3866ba1d_14
- ऐक्सिस बैंक ग्राहक क्षतिपूर्ति पॉलिसी नियम और शर्तें- https://www.axis.bank.in/docs/default-source/default-document-library/customer-compensation-policy.pdf?sfvrsn=3d8c439e_6
- ऐक्सिस बैंक बैंक प्रतिबद्धता संहिता नियम व शर्तें - https://www.axis.bank.in/docs/default-source/default-document-library/code-of-commitment.pdf?sfvrsn=e16d1812_1
- ऐक्सिस बैंक शुल्कों की सूची - शुल्कों का विवरण, जहां भी लागू हो, शुल्कों की सूची में स्पष्ट रूप से प्रकट किया जाएगा - https://www.axis.bank.in/fees-and-charges
- ऐक्सिस बैंक ग्राहक सुरक्षा पॉलिसी - अनधिकृत इलेक्ट्रॉनिक बैंकिंग ट्रांज़ैक्शन में कस्टमर की देयता को सीमित करना- https://www.axis.bank.in/docs/default-source/default-document-library/customer-protection-policy.pdf